तापमान
अधिकतम 26.6 डिग्री
न्यूनतम 14.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 17 नवंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



जूना बिलासपुर की सड़क की हालत बद से बदतर होने के कारण सुबह से शाम तक वाहनों के चलने के दौरान धूल उड़ती है।

## खबर संक्षेप

### हॉफा में पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा आज से

**बिलासपुर।** ग्राम हॉफा में 17 से 21 नवंबर तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के आयोजक पं. रामकुमार पार्वती उपाध्याय, कार्यकर्ता बघर्रापाठ महराज नृसिंह देव, आचार्य धनेश उपाध्याय एवं पं. रमेश उपाध्याय हैं। 17 नवंबर को दोपहर 12 बजे पंचायत भवन से कलश यात्रा निकलेगी एवं सभी ग्राम देवताओं का आशीर्वाद लेकर देवपूजन का आयोजन होगा। इस कथा के प्रवचनकर्ता आचार्य भानु प्रताप पाण्डेय ग्राम टुंडरी हैं। कथा दोपहर 2 बजे से शिव कृपा तक होगी। आयोजकों ने सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में आकर कथा श्रवण करने का आग्रह किया है।

### न्यूनतम तापमान स्थिर फिर भी सताने लगी ठंड



**बिलासपुर।** उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं ने ठिठूरन बढ़ा दी है, इस दौरान भले ही न्यूनतम तापमान 14 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है, जो पिछले 4 दिनों से स्थिर है लेकिन इसके बाजवूद सुबह और शाम होते ही ठंड़ी हवाएं सिहरन पैदा कर रही है। लोगों को गर्म कपड़े निकालने को मजबूर होना पड़ रहा है। सुबह कंपाने वाली ठंड, दिन में खिली धूप और शाम होते कपकपी देने वाली हवाओं के कारण लोगों को ठंड का आनंद मिलने लगा है। उत्तर दिशा से ठंडी हवा प्रदेश में प्रवेश कर रही है, आसमान पूरी तरह से खूला हुआ है ऐसे में ठंड की आहत जोरशोर से हुई है। शनिवार को न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम जानकारों के मुताबिक अगले एक हफ्ते के भीतर तापमान में 2 डिग्री की कमी आ सकती है, जिसके बाद शीतलहर चलने की आशंका मंडराने लगी है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पद पर आवेदन 18 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोटा अंतर्गत ग्राम पंचायत टांटीधार के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र बगथपरा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1 रिक्त पद पर 18 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदिका बंद लिफाफे में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से एकीकृत बाल विकास परियोजना कोटा में आवेदन कर सकती हैं। आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आवेदिका उसी ग्राम की स्थायी निवासी होनी चाहिए जिस ग्राम में आंगनबाड़ी केंद्र स्थित है। आवेदिका का 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### पुलिस ग्राउंड में छात्रा से छेड़छाड़, आरक्षक गया जेल

**बिलासपुर।** पुलिस ग्राउंड में साइकिल चला रही छात्रा से आरक्षक छेड़खानी करने लगा। छात्रा की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग छात्रा रविवार की सुबह पुलिस ग्राउंड में साइकिल चला रही थी। इसी दौरान पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक दिलीप रौतिया उनके साथ छेड़खानी करने लगा। छात्रा उसकी हरकतों का नजरअंदाज कर रही थी, इससे आरक्षक के हौसले बुलंद हो गए और वह को पकड़कर छेड़खानी करने लगा, किसी तरह छात्रा उसके चंगुल से छूटकर सिविल लाइन थाना आई और घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट पर छेड़खानी व पाक्सो एक्ट का मामला दर्ज कर आरक्षक दिलीप रौतिया को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# दो साल में खुले 18 हजार म्यूल खाते, इनमें 50 करोड़ की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

बिलासपुर सहित राज्य के ज्यादातर शहरों और कस्बों में पिछले दो साल के दौरान 18 हजार से ज्यादा म्यूल खाते खोले गए हैं। इनमें 50 करोड़ से अधिक की राशि की जानकारी भी सामने आई है। इसके पीछे ऑनलाइन ठगी करने वालों का गैंग है। कहीं लोगों को बिना बताए तो कहीं पैसों का लालच देकर खातों का उपयोग ठगी के पैसों का ट्रांजेक्शन करने में किया गया। कुछ केस तो ऐसे हैं जिनमें बहाना बनाकर लोगों से आईडी लेकर उनके नाम से बैंक खाता खोला गया। राज्य के पांच जिलों में साइबर थाने खुलने के बाद म्यूल खातों का राज खुला। इसके साथ ये खुलासा भी हुआ कि ठग गैंग सबसे ज्यादा स्टेट बैंक में म्यूल खाते खुलवा रहे हैं। अब स्टेट बैंक ने खाते खोलने का सिस्टम ही बदल दिया है। खाता खोलने के पहले बैंक की टीम घर जाकर फील्ड वेरिफिकेशन कर रही है।

गौरतलब है कि बिलासपुर, रायपुर सहित देशभर में अब तक म्यूल खाता खोलने वालों की गिरफ्तारियां की जा रहीं हैं। बिलासपुर और रायपुर में ही 200 से अधिक ऐसे लोगग हैं। हालांकि अब दावा है कि साइबर थाने खुलने के बाद म्यूल खाते खुलने की संख्या में कमी आई है। पहले जहां हर महीने तीन सौ से साढ़े तीन सौ तक खाते खुल रहे थे अब यह संख्या 100 से कम हो गई है।

### अब बैंकों ने बदला एकाउंट खोलने का सिस्टम



- खाता खोलने के पहले बैंक की टीम घर जाकर फील्ड वेरिफिकेशन कर रही है, दस्तावेज मांगे जा रहे
- ठग गैंग सबसे ज्यादा स्टेट बैंक में म्यूल खाते खुलवा रहे, साइबर थाने खुलने के बाद जांच में तेजी

### कई बैंक खाताधारक दूसरे राज्यों के

पुलिस के मुताबिक जनवरी से अक्टूबर 2025 तक 100 से ज्यादा ऐसे म्यूल बैंक खातों का पता चला है, जिनमें खाताधारक दूसरे राज्य व शहरों के हैं। हाल ही में रेंज साइबर थाना की टीम ने दिल्ली से ऑनलाइन ठगी के मामले में जिन आरोपियों को पकड़ा, उनके बैंक खाते बिलासपुर, रायपुर के अलग-अलग बैंकों में खोले गए थे। यह सुनियोजित ढंग से किया जा रहा है, ताकि इस तरह के मामले में शामिल खाताधारकों तक पुलिस आसानी से पहुंच न पाए। हालांकि साल भर में रेंज साइबर थाना की टीम म्यूल खातों से जुड़े 300 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने सिविल लाइन, तारबहार, सरकंडा सहित अन्य थानों में म्यूल बैंक खातों के संचालकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इनमें भी कई बैंक खाताधारक दूसरे राज्यों के हैं।

### किरायानामा पर ही खाता खोल दिया

इधर पुलिस में दर्ज ठगी के केस के अनुसार ठगों का सबसे ज्यादा म्यूल खाते स्टेट बैंक में में खुलवा रहा है। इस वजह स्टेट बैंक ने सख्ती से इस नियम का पालन शुरू कर दिया है। फील्ड में पता या कारोबारी स्थान सही होने की पुष्टि के बाद ही नए खाते खोलने की मंजूरी दी जा रही है। पुलिस के मुताबिक ब्लैकमनी, ऑनलाइन सट्टा और साइबर ठगी के पैसों को खपाने के लिए बड़ी संख्या में म्यूल बैंक खातों का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह बैंक खाते कमीशन लेकर खुलवाए जा रहे हैं। अब दूसरे राज्य या शहर के लोग बिलासपुर में आकर म्यूल बैंक खाता खुलवा रहे हैं। कई बैंकों में केवल किरायानामा के आधार पर ही खाता खोल दिया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि इन दर्ज मामलों में बैंक अधिकारियों और खातेधारकों से पूछताछ की जा रही है।

### सख्ती जरूरी

इस तरह के लगातार मामले सामने आने के बाद एकाउंट खोलने में सख्ती जरूरी है। दस्तावेजों की जांच के साथ ही फील्ड वेरिफिकेशन आवश्यक है। इससे यह पता चल जाएगा कि जिनका खाता खोला जा रहा है वह वास्तव में वहां स्थायी तौर पर रहते है या नहीं।

**- ललित अग्रवाल**
समन्वयक बैंकर्स क्लब

### यह होता है म्यूल अकाउंट

दरअसल म्यूल अकाउंट ऐसी बैंक खाता होते हैं जिनका इस्तेमाल अपराधियों के द्वारा साइबर फ्रॉड से मिले पैसे को ठिकाने लगाने के लिए किया जाता है। ठगों के द्वारा किसी दूसरी व्यक्ति के नाम पर अकाउंट खुलवाकर, फिर उसी अकाउंट में फ्रॉड के जरिए पैसे जमा करते हैं। इन बैंक अकाउंट में पैसे कहां से और कितनी बार ट्रांसफर हुए हैं इसके बारे में पता लगाना कठिन होता है। इन म्यूल बैंक खातों में धोखाधड़ी की रकम आने के बाद, साइबर अपराधियो के द्वारा यूपीआई से बिना बैंक जाए पैसे को एक से दूसरे अकाउंट में मिनटों में ट्रांसफर करते हैं।

## शहर से लगे महमंद में हुआ हादसा, छुट्टी मना रहे थे बच्चे

# अवैध खनन से गहरे हुए तालाब में डूबकर दो छात्रों की मौत, दो बाल-बाल बच गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध खनन से गहरे हो गए शहर से लगे महमंद के तालाब में नहाने गए दो छात्र डूबने लगे, उन्हें बचाने गए दो अन्य छात्र भी गहराई में डूबने लगे। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने दो छात्रों को बाहर निकाल लिया। वहीं दो अन्य छात्रों की पानी में डूबने से मौत हो गई। देर शाम एसडीआरएफ की टीम ने दोनों छात्रों के शव का तालाब से बाहर निकाल लिया है। दोनों शवों को मरच्यूरी में रखवा दिया गया है।

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया कि रविवार को छुट्टी होने पर दोपहर 2 बजे अन्नपूर्णा कालोनी निवासी एम उद्यन पिता एम युधिष्ठिर राव 16 साल, पी साई पिता पी श्रीनिवास राव 17 साल, टी पवन राव पिता स्व. टी कुमार स्वामी 17 साल व शिव विहार कालोनी निवासी प्रियांशु सिंह पिता अमित सिंह 16 साल महमंद बाजार के पास तालाब में नहाने गए थे। नहाने के दौरान पी साई, टी पवन राव डूबने लगे। उन्होंने आवाज लगाई तो उनके दोनों दोस्त ये समझ रहे थे कि दोनों मजाक कर रहे हैं। फिर दोनों को डूबते देख एम उदयन, प्रियांशु सिंह उन्हें बचाने के लिए तालाब में उतर गए। तालाब की गहराई अधिक होने से ये दोनों भी डूबने लगे। युवकों के द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीणों ने तालाब में छलांग लगाकर एम उदयन, प्रियांशु सिंह को तालाब से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं पी साई, टी पवन राव पानी में डूब गए। सूचना मिलते ही उनके परिजन व परिचत, पुलिस, एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। देर शाम एसडीआरएफ की टीम ने दोनों छात्रों के शव का तालाब से बाहर निकाल लिया है। पुलिस ने दोनों शवों को मरच्यूरी में रखवा दिया है।

मृतक








महमंद के तालाब से शव निकालती एसडीआरएफ की टीम।

### रेलवे स्कूल में कक्षा 11वीं का छात्र था एक मृतक

टीआई श्री सिंह ने बताया, मृतक पी साई रेलवे स्कूल में कक्षा 11 वीं का छात्र था और उसके पिता रेलवे विभाग में नौकरी करते हैं। दूसरा टी पवन ने कक्षा 12 वीं के बाद पढाई करना छोड़ दिया था और उसके पिता का स्वर्गवास हो चुका है। वहीं बाल बाल बचे दो छात्र मृतक पी साई के साथ रेलवे स्कूल में कक्षा 11 वीं की पढ़ाई कर रहे हैं।



मौके पर पूछताछ करती पुलिस।

### तालाब में अवैध खनन का आरोप

जिस तालाब में हादसा हुआ, उसमें अवैध खनन कर मिट्टी बेचने का आरोप लगाया जा रहा है। सरपंच प्रतिनिधी विक्की निर्मलकर ने आरोप लगाया है कि पूर्व पंचायत के कार्यकाल में उपसरपंच अनिल निषाद, नागेन्द्र राय के द्वारा अवैध रूप से पोकलेन, जेसीबी लगाकर तालाब की मिट्टी का खनन कराया गया है। जिससे तालाब की गहराई अधिक हो गई है। उसी गहराई में जाकर दो छात्रों की मौत हो गई है।




तालाब के किनारे लगी लोगों की भीड़।

# रेल हादसा : फोर्स लीव पर भेजे गए सीनियर डीओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मेमू-मालगाड़ी हादसे में 12 यात्रियों की मौत के बाद अब कार्रवाई शुरू हो गई है। रेल प्रशासन ने सीनियर डीओपी (ओपी) वरिष्ठ विद्युत अभियंता (आपरेशनल) को हटाकर उनकी जगह पर सीनियर टीआरडी (वरिष्ठ विद्युत अभियंता कर्षण) को प्रभार दे दिया है। इस कार्रवाई के साथ उन्हें लंबी फोर्स लीव (अनिवार्य अवकाश) पर भेज दिया है। पूरी घटना के लिए रेल प्रशासन ने उन्हें जिम्मेदार ठहराया है। इस कार्रवाई के बाद रेलवे में हड़कंप मचा हुआ है।

चार नवंबर को गतौरा-लालखदान के बीच बड़ा रेल हादसा हुआ। गेवरारोड-बिलासपुर मेमू खड़ी मालगाड़ी को टक्कर मारकर मेमू का इंजन मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गया। इस घटना में लोको पायलट विद्यासागर समेत 13 की मौत हो गई। हादसे की गंभीरता को देखते हुए वजह जानने के लिए सीआरएस जांच कराई जा रही है। चार सदस्यीय टीम के साथ सीआरएस बीके मिश्रा बिलासपुर भी आए थे। 30 से अधिक कर्मचारी व अधिकारियों का बयान लिया। घटना स्थल की जांच की। उनकी जांच बहुत जल्द नतीजे पर भी आ जाएगी। इधर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन स्तर पर जांच और कार्रवाई शुरू हो गई है। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि मेमू का लोको पायलट विद्यासागर साइको (मनोविज्ञानी परीक्षण) परीक्षा पास नहीं था। यह जानते हुए एक असिस्टेंट लोको पायलट की साथ ड्यूटी लगाकर मेमू के परिचालन की कमान सौंप दी। यह बड़ी लापरवाही है। यही कारण है कि रेल प्रशासन ने वरिष्ठ विद्युत अभियंता (आपरेशनल) मसूद आलम को फोर्स लीव पर भेज दिया है और उनकी जगह पर वरिष्ठ विद्युत अभियंता कर्षण विवेक कुमार को प्रभार सौंप दिया गया है। यह कार्रवाई चर्चा में है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में कुछ अधिकारी व कर्मचारियों पर कार्रवाई की गाज गिर सकती है।

मालूम हो कि वरिष्ठ विद्युत अभियंता (आपरेशनल) ट्रेन लोको पायलट, असिस्टेंट लोको पायलट के अधीन होते हैं। उनके द्वारा ही चालकों की ड्यूटी लगाई जाती है। वही तय करते हैं कि किस लोको पायलट की ड्यूटी कौन सी ट्रेन में लगाई जाएगी। आदेश निकलने के बाद परिचालन करते हैं।

लाल खदान में रेल हादसे का मामला


हरिभूमि

खड़ी मालगाड़ी पर चढ़ गई लोकल ट्रेन, 8 की मौत, 20 घायल, यात्रियों को बचाने के लिए कटर से काटी बोगी

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

# पूर्व अफसर के परिवार को किया बहिष्कृत, चार के खिलाफ जुर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बेटे ने दूसरे समाज की लड़की से शादी की तो रिटायर्ड अधिकारी के परिवार को समाज से बहिष्कृत कर दिया गया है। पुलिस ने समाज के 4 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, डीपूपारा निवासी कमल किशोर परवार कलेक्टर आफिस में अधीक्षक के पद से रिटायर्ड हुए हैं। उन्होंने थाने में लिखित शिकायत कर बताया उनके बेटे हितेश परवार ने 4 नवंबर 2024 को साहू समाज की युवती से शादी कर ली थी। दूसरे समाज की युवती से शादी करने पर पनिका समाज के प्रांतीय पदाधिकारियों ने उनके परिवार को समाज से बाहर कर दिया है। उन्हें किसी भी समाजिक कार्यक्रम में नहीं बुलाया जाता है और न ही कोई उनके परिवार के कार्यक्रम में शामिल होते हैं। श्री परवार ने बताया शादी के बाद उन्होंने अपनी बहू को पनिका समाज में शामिल करने जिला पनिका समाज के अध्यक्ष को आवेदन दिया था। 1 दिसंबर 2024 को दीनदयाल गार्डन व्यापार विहार में जिला व प्रांतीय पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई थी, जिसमें यह सहमति बनी कि उनकी बहू को समाज में शामिल किया जा सकता है। शादी मिलन कार्यक्रम के लिए दो तारीखें तय की गई थीं। लेकिन प्रांतीय पदाधिकारी इनमें शामिल नहीं हुए। 1 फरवरी को जिला अध्यक्ष और लगभग 70 से 80 समाज के लोगों की मौजूदगी में शादी मिलन किया गया। 2 मार्च को शादी का रिसेप्शन भी रखा गया। इसकी जानकारी होने पर समाज के पदाधिकारियों ने उनके परिवार को समाज से बाहर कर दिया।

पुलिस ने श्री परवार की रिपोर्ट पर जेआर साकत, थानूराम बघेल, दशरथ साकत, वंशधारी सावरा के खिलाफ धारा 4, 7 सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## निबटाने में अधिकारियों का छूट रहा पसीना

# डबल सप्लाई का मामला दो विभागों में फंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली ओवर लोड बढ़ने और उपकरण खराबी के कारण आम लोगों को बंद का का सामना करना पड़ता है, बिजली विभाग ने समस्या को देखते हुए मोपका से दयालबंद तक डबल सप्लाई के लिए काम शुरू किया, लेकिन दो साल बाद भी स्थिति जस की तस है। रेलवे ने जमीन पर बिजली टॉवर बनाने के बाद मामला फंस गया है, हाल ही में बिजली और रेलवे अधिकारियों के बीच बैठक में जनहित में मामला सुलझाने पर विचार किया गया है। जल्द ही रास्ता निकालने की उम्मीद जगी है।

मधुबन और तोरवा सबस्टेशन के आसपास बसावट बढ़ चुकी है, हर माह नई कालोनी बन रही है जिससे सबस्टेशन और फीडर-ट्रांसफार्मर में लोड बढ़ रहा है, बिजली विभाग द्वारा लोड कम करने मोपका से डबल सप्लाई के लिए लाइन का इंतजाम कर लिया गया है, लेकिन रेलवे की जमीन पर टॉवर बनाने के बाद दोनों विभाग आमने सामने आ गए है। दयालबंद इलाके में रेलवे की लाइनें नहीं है और भविष्य में डेव्लपमेंट के काम होने की उम्मीद भी नहीं है। अरपा नदी किनारे की जमीन रेलवे की जमीन मिलने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। पिछले दो सालों से टॉवर बनकर तैयार है लेकिन सप्लाई शुरू नहीं हो रही है। बिजली विभाग लगातार जनहित के कारण जमीन पर हुए निर्माण कार्य को सही ठहराने में लगा हुआ है। हाल ही में दोनों विभागों के अधिकारियों की बैठक भी हुई है, लेकिन रेलवे की क्लीरेंस होने में अभी कुछ दिनों का समय लग सकता है।




- बिजली अधिकारियों ने रेलवे की जमीन पर गाड़ दिया था टॉवर
- बिजली विभाग के करोड़ों रूपए फंसे।

### ढाई सौ से ज्यादा अतिक्रमण

जिस जमीन को रेलवे के अधिकारी रेलवे का होना बता रहे है उस जमीन पर पहले से ही अतिक्रमण है। दयालबंद पुल के आसपास दोनों तरफ अतिक्रमण है। जिसमें ढाई सौ से अधिक लोगों का कब्जा है। वहीं कई बिल्डर भी इसे अपनी जमीन बताकर निर्माण कार्य कर चुके है। जमीन पर भव्य मंदिर भी बनाया गया है। वहीं दुकान, घर और खेत तक जमीन में दिखाई दे रहे हैं।

### बिजली विभाग के 2 करोड़ खर्च

मोपका से डबल सप्लाई लाने में बिजली विभाग ने कामयाबी हासिल कर ली है, क्षेत्र में बिजली लोड को देखते हुए इस साल काम करना जरूरी हो चुका है, ऐसे में बिजली विभाग द्वारा अधोसंरचना राशि के 2 करोड़ रूपए खर्च किए गए हैं, टॉवर लगाने के बाद बिजली लाइन नहीं आने पर विभाग के 2 करोड़ रूपए का नुकसान उठाना पड़ेगा और दयालबंद, तोरवा और मधुबन क्षेत्र के लोगों को बिजली की समस्या से निजात नहीं मिल पाएगी।

### अधिकारियों से की गई चर्चा

लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए रेलवे के अधिकारियों से चर्चा की गई है। इसमें सकारात्मक रवैया सामने आया है। जल्द ही मामले में हल निकलने की उम्मीद है। जिसके बाद निर्माण पूरा कराकर सप्लाई शुरू की जाएगी।

**- श्रीनिवास राजू**
एसई, बिजली विभाग

## खबर संक्षेप

### एसईसीएल की निबंध स्पर्धा में जीडीसी की मीनाक्षी प्रथम, वाद विवाद में ईशा प्रथम



**बिलासपुर।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड द्वारा आयोजित सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर निबंध एवं वाद- विवाद प्रतियोगिता में शासकीय बिलास कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एस.आर. कमलेश के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया। इसका संचालन वंदना रानी ख़ाख़ा ने किया व इसमें डॉ.हेमंत पाल घृतलहरे व डॉ.अवनीश कुमार सिंह निर्णायक थे। निबंध प्रतियोगिता में हिंदी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा मीनाक्षी प्रथम रही। एमए की छात्रा जानकी राजपूत व प्रियंका केवट द्वितीय व तृतीय रही । इसी तरह वाद-विवाद में एम.ए.प्रथम सेमेस्टर की छात्रा ईशा साहू प्रथम व जानकी राजपूत द्वितीय, चांदनी हाठिले तृतीय रहीं ।

### अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय ने डॉ. रश्मि को दी पीएचडी

**बिलासपुर।** अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय ने डा. रश्मि पटेल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय स्टडी ऑन डायवर्सिटी एबंडेंस एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ़ बड्र्स इन खारंग जलाशय रतनपुर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ रहा। उन्होंने अपना शोध कार्य पर्यवेक्षक डॉ. शुभदा रहालकर, प्राचार्य, वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय कन्या महाविद्यालय तखतपुर, के मार्गदर्शन में पूर्ण किया।



रश्मि के शोध में पाया गया कि किसी भी क्षेत्र में पक्षियों की उपस्थिति उस जलस्रोत की गुणवत्ता और पर्यावरणीय स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण संकेतक होती है। इस अध्ययन के निष्कर्ष जलाशय तथा उसके आसपास के पारिस्थितिक संतुलन को बेहतर ढंग से संरक्षित करने में सहायक सिद्ध होंगे। शोध से यह भी स्पष्ट हुआ कि पक्षियों की प्रजातिगत विविधता की समझ निर्माण, कृषि तथा मत्स्य पालन जैसे विकास कार्यों में पर्यावरण-अनुकूल निर्णय लेने में सहायक हो सकती है। इसके अतिरिक्त, पक्षियों की समृद्ध विविधता के कारण क्षेत्र में बर्ड-वॉचिंग एवं इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलने की भी संभावनाएँ हैं, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार एवं आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है।

### नामदेव समाज विकास परिषद ने लोगों को किया कंबल वितरण



**बिलासपुर।** नामदेव समाज विकास परिषद के द्वारा शहर में ठंड से बचने के लिए गरीब वर्ग एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया गया। कल इसका पहला दिन था। अभी ये सिलसिला कुछ दिन सामाजिक बंधुओं द्वारा चलता रहेगा। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष - संतोष वर्मा, युवा अध्यक्ष गोलू श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, रिंकू श्रीवास्तव, संजू वर्मा, भोला श्रीवास्तव, पप्पू श्रीवास्तव, अनिल श्रीवासन, दिलीप वर्मा, आकाश श्रीवासन, राजकुमार चौधरी, श्रवण श्रीवास्तव, सुमित नामदेव, एन के वर्मा आदि का सहयोग रहा। उनका यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### प्रकृति से जुड़ने का नया दृष्टिकोण शिविर दिसंबर में



**बिलासपुर।** परम पूज्य आलय द्वारा देश के चार सौ स्थानों में धूम मचाने के बाद पहली बार बिलासपुर में 2 दिसम्बर से 7 दिसम्बर तक शिविर लगाया जाएगा। इससे पूर्व आज जेपी हाईट्स शुभम विहार में उनके अनुयायियों द्वारा डेमो सत्र लिया गया। इसमे जेपी हाईट्स विकास समिति के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजय सिंह राजपूत, सचिव मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, पायल लाठ सहित बड़ी संख्या में शुभमविहार निवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर परमभक्ति ने नए दृष्टिकोण से देखने का नजरिया बताया। उन्होंने सभी से 2 से 7 दिसम्बर के शिविर में आने व खानपान सुधारने का आग्रह किया।

### मराठा समाज की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल 4 माह के लिए बढ़ा

**बिलासपुर।** जिला मराठा समाज की आम सभा में वर्ष 2024-25 के आय व्यय का अनुमोदन किया गया। वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल 4 माह के लिए आगे बढ़ाया गया। सभा में समाज अध्यक्ष शशांक चौहान, कोषाध्यक्ष भगवन्त शिंदे, जीवन भोसले, संरक्षक राघवेन्द्र राव भोसले, सुधाकर सालुके, शोभा बिबे, राम चंद्र राव भोसले आदि मौजूद थे।

## निधन

### राजकुमार मनचंदा



**बिलासपुर।** पार्वती टावर्स तिर्थानी गली सरकंडा निवासी स्वः दलपतराय मनचंदा के सुपुत्र राजकुमार मनचंदा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 नवंबर को दोपहर 12. 30 बजे उनके निवास स्थान से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे वासदेव मनचंदा के भाई एवं नरेश कुमार, सुनील कुमार, अनिल कुमार मनचंदा के पिता थे।

### बनमाली प्रसाद द्विवेदी



**बिलासपुर।** तोरवा धान मंडी रोड बजाज कालोनी निवासी बनमाली प्रसाद द्विवेदी का 16 नवंबर को निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 17 नवंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास से तोरवा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे प्रदीप कुमार द्विवेदी के पिता एवं वेदांत द्विवेदी के दादा थे।

---

**सर्वे का कार्य पूरा** | राशि स्वीकृत, अब तक बन चुकी है कटनी मुरवारा से अनूपपुर तक

# बिलासपुर से पेण्ड्रारोड तक 2000 करोड़ की लागत से बनेगी तीसरी लाइन

**बिलासपुर।** एसईसीआर के बिलासपुर डिवीजन अंतर्गत कटनी सीआईसी सेक्शन में पेण्ड्रारोड से कटनी मुरवारा तक तीसरी लाइन का काम कम्पलीट कर दिया गया है, जिसके उपरांत अब बिलासपुर से पेण्ड्रारोड तीसरी लाइन का काम किया जाना है। इस कार्य के लिए रेलवे बोर्ड ने 2 हजार करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है, जिसमें लाइन के अलावा इलेक्ट्रिफिकेशन व अन्य कार्य की शुरुआत जल्द ही की जाएगी।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी महत्वपूर्ण शहरों को रेल मार्ग द्वारा उत्तर भारत से जोड़ने वाली बिलासपुर-कटनी मार्ग पर तीसरी लाइन का कार्य क्षमता आवर्धन के दृष्टिगत किया गया। इसमें मध्यप्रदेश राज्य में रेल नेटवर्क को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से अनूपपुर से कटनी तीसरी लाइन परियोजना को 2311.02 करोड़ रुपए की लागत लगाकर 165.52 किलोमीटर का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में अब इस सेक्शन में पेण्ड्रारोड से कटनी तक तीसरी लाइन पूरी हो गई है।



पिछले कई वर्षों से लाइन का निर्माण कार्य और स्टेशनों से जोड़ने की वजह से यात्री ट्रेनों को भी रद्द किया गया था। नई तीसरी रेल लाइन के बनने से यात्रियों के लिए अतिरिक्त ट्रेनों की सुविधा उपलब्ध होगी। कटनी सेक्शन के बीच बनाई गई तीसरी लाइन के अलावा इलेक्ट्रिफिकेशन व अन्य कार्य किए गए हैं। 2311.02 करोड़ रुपए की लागत से 165.52 किलोमीटर तक बनाई गई तीसरी लाइन को 17 स्टेशन से जोड़ा गया है, जिसमें 1 जंक्शन स्टेशन अनूपपुर और दो यात्री हॉल्ट सिंहपुर और विलायतकला है। इसमें 27 बड़े पुल और 108 छोटे पुल निर्माण किए गए हैं। इसके अतिरिक्त एक रेलवे ओवरब्रिज और 16 अंडरब्रिज का भी निर्माण किया गया है। पेण्ड्रारोड से कटनीं मुड़वारा तक तीसरी लाइन बनने के बाद ट्रेनों के परिचालन में कुछ सुधार तो आया है, लेकिन वर्तमान में बिलासपुर से पेण्ड्रारोड स्टेशन के बीच में ट्रेनों के आवागमन की समय-सारिणी बिगड़ी हुई है।

इन दोनों स्टेशन के बीच अभी भी दोहरी लाइन पर गाड़ियां चल रही है, जिसमें मालगाड़ियों को चलाने के लिए यात्री ट्रेनों को कहीं भी किसी भी जगह घंटो नियंत्रित करना पड़ रहा है। यात्रियों को होने वाली परेशानी और ट्रेनों के समय पर परिचालन करने को लेकर अब बिलासपुर से पेण्ड्रारोड स्टेशन के बीच तीसरी लाइन का कार्य भी सेंक्शन हो गया है, जिसकी लागत करीब 2 हजार करोड़ रुपए है। इस कार्य की कम्पलीट होने के बाद घंटों दोनों स्टेशन के बीच पहुंचने वाली ट्रेनों के समय में कुछ सुधार हो सकेगा।

### इन स्टेशनों पर रूकती है ट्रेन

वर्तमान में चल रही बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस का पहले बिलासपुर-रींवा पैसेंजर बनकर परिचालन किया जा रहा था। यह ट्रेन बिलासपुर से रवाना होने के बाद उसलापुर, करगीरोड, घुटकू, सल्कारोड, बेलगहना, टेंगनमाड़ा, खोंगसरा, भनवारटंक, खोडरी, सारबहरा, पेण्ड्रारोड, वेंकटनगर, जैतहरी, अनूपपुर जंक्शन, अमलाई, बुढ़ार, छादा, शहडोल, बिरसिंहपुर, उमरिया, चंदिया रोड, कटनी जंक्शन, अमदारा, मैहर, उछेरा, सतना जंक्शन, तुरकी रोड होकर रींवा दूसरे दिन सुबह 5 बजकर 50 मिनट पर पहुंचती है। दो साल से बिलासपुर-रींवा पैसेंजर को एक्सप्रेस बनाकर चलाना शुरु कर दिया है। बिलासपुर से एक्सप्रेस बनकर इंदौर की ओर नर्मदा एक्सप्रेस सुबह 11.15 बजे रवाना होती है, लेकिन एक्सप्रेस की बजाय लोकल की तरह ट्रेन का स्टापेज उसलापुर, घुटकू, करगीरोड, बेलगहना, खोंगसरा, पेण्ड्रारोड, जैतहरी, अनूपपुर जंक्शन, अमलाई, बुढ़ार सहित अन्य छोटे स्टेशन में किया जा रहा है।

### किया जाएगा समय में सुधार

बिलासपुर से पेण्ड्रारोड के बीच वर्तमान में दो लाइन है, जिसमें तीसरी लाइन का कार्य भी किया जाना है। इसके अलावा दोनों स्टेशन के बीच घंटो लेट पहुंचने वाली यात्री ट्रेनों के संबंध में संबंधित विभाग से जानकारी लेकर समय में सुधार किया जाएगा, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

---

प्रदेश में बिलासपुर में ही समिति प्रबंधकों की वापसी

# समिति प्रबंधकों की होने लगी वापसी आज से विधिवत होगी धान खरीदी



ग्राम पोंडी में खाली धान खरीदी केंद्र।



बहतराई धान खरीदी केंद्र में लगा ताला।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर

सहकारी समितियों में सोमवार से समर्थन मूल्य पर विधिवत धान की खरीदी प्रारंभ हो जाएगी। बीस दिनों से लगातार हड़ताल पर बैठे जिले के 70 प्रतिशत समिति प्रबंधकों ने अपने काम पर वापसी कर ली है। प्रदेश में बिलासपुर ही ऐसा जिला है, जहां इतनी संख्या में प्रबंधकों की वापसी हुई है। इसके विपरीत ऑपरेटरों की भूमिका में आऊट सोर्सिंग के कर्मचारी ही नजर आएंगे।

शासन द्वारा घोषित तिथि 15 नवंबर को शनिवार शासकीय अवकाश होने के कारण जिले में विधिवत धान खरीदी सोमवार 17 नवंबर से प्रारंभ हो सकेगी। जिले के 140 उपार्जन केंद्रों में खरीदी के लिए लगभग सारी तैयारियां की जा चुकी हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार लंबे समय से हड़ताल पर बैठे समिति प्रबंधकों ने भी अब काम पर वापसी करना प्रारंभ कर दिया है। रविवार तक 70 प्रतिशत समिति प्रबंधकों ने अपनी-अपनी समिति के संचालक मंडल के अध्यक्षों को अपनी ज्वाइनिंग दे दी है। लिहाजा धान की खरीदी में अब कोई समस्या नहीं होगी। विभागीय जानकारी के अनुसार हड़ताली ऑपरेटरों को सरकार लेने के मूड में भी नहीं है। यही कारण है कि आऊट सोर्सिंग से भर्ती करने के बाद काम उन्हीं से लेने की तैयारी है। यही कारण है कि ऑपरेटरों की वापसी के लिए किसी भी तरह के प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।

### रूला रहा टोकन एप

किसानों को घर बैठे टोकन प्राप्त करने के लिए बनाया गया टोकन तुंहर हाथ एप किसानों को उल्टे रूला रहा है। लॉग इन करने पर यह काफी देर बाद ओपन हो रहा है। ओपन होने के बाद या तो किसानों को उक्त तिथि के लिए शत प्रतिशत टोकन जारी हो जाने की जानकारी मिल रही है, या कुछ लिमिट शेष रहने पर आधार व ओटीपी सबमिट करते ही एप वापस अपनी पुरानी पोजीशन पर लौट जा रहा है।

### चल रहीं तैयारियां

उपार्जन केंद्रों में तैयारियां अब भी चल रही हैं, लेकिन खरीदी में कहीं कोई रुकावट नहीं आएगी। पुराने समिति प्रबंधकों की भी वापसी हो रही है।

**-चंद्रशेखर जायसवाल,** उपायुक्त सहकारिता विभाग

### पर्याप्त हैं बारदाने

उपार्जन केंद्रों में जारी किए गए टोकनों के अनुपात में फिलहाल पर्याप्त बारदाने हैं। 70 प्रतिशत पुराने समिति प्रबंधकों की वापसी हो चुकी है, जिससे अब सारी कमियों को पूरा कर लिया जाएगा।

**-अमित कुमार चंद्राकर,** डीएमओ

---



### 48 वें रावत नाच महोत्सव में परसदा प्रथम, द्वितीय रहा बसिया का दल

**बिलासपुर।** लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में आयोजित 48 वें रावत नाच महोत्सव के परिणाम की घोषणा कर दी गई है।

आयोजन समिति के पदाधिकारियां के अनुसार इस महोत्सव में प्रथम परसदा , द्वितीय बसिया डोंगरिया,तृतीय तारबहार, गनियारी लटुवापारा, चतुर्थ सिलपहरी, निगारबंद चोरभटटी, टिकरापारा,पंचमभरनी, मोपका, खमतराई, हरदीटोना, बहतराई शामिल हैं। आयोजन समिति ने विजेता नृतक दल को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।

### राज्य स्तरीय विज्ञान मेले में कमल कृष्णकांत दूसरे स्थान पर



**बिलासपुर।** राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनीय एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला 2025-26 जशपुर में आयोजित किया गया।

पीएम श्री सेजेस चकरभाठा के कक्षा 11 वीं के छात्र कमल सूर्यवंशी एवं कृष्णकांत पांडे द्वारा बनाया गया टीमवर्क के अंतर्गत विज्ञान मॉडल डिजिटल होम को दूसरा स्थान मिला। बिलासपुर जोनल प्रभारी मनोज कुमार यादव पीएमश्री सेजेस चकरभाठा एवं विनय तिवारी शा उ मा विद्यालय बहतराई ने बताया कि टीमवर्क के अंतर्गत विज्ञान मॉडल डिजिटल होम एक ऐसा मॉडल है जो घर के छोटी बड़ी सभी गतिविधियां आज के आधुनिक परिवेश के अनुसार डिजिटल तरीके से होती है। बारिश होने पर कपड़े घर में डिजिटल तरीके से पहुंच जाता है, घर के अंदर जो है कार 360 डिग्री रोटेट भी होता है डिजिटल होम भविष्य में अनेक संभावनाएं हैं ।

---

# कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ के पांडेय निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष चुने गए

**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ का त्रिवार्षिक संगठन चुनाव लोखंडी में कराया गया। पं सुदेश दुबे ने बताया कि इसमें पं. बीके पांडेय निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष चुने गए। प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए बीके पांडेय, रश्मि लता मिश्रा, लक्ष्मी कांत दीक्षित, आदित्य त्रिपाठी एवं बसंत बाजपेयी ने नामांकन भरा था।

सभी सही पाए गए। रश्मि लता मिश्रा, लक्ष्मी कांत दीक्षित, आदित्य त्रिपाठी एवं बसंत बाजपेयी के नाम वापसी से बीके पांडेय को निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष चुनाव अधिकारी मनोहर लाल मिश्र एवं दिनेश बाजपेयी ने घोषित किया। नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें संरक्षक केके अवस्थी, अरूण शुक्ल रायपुर, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, गोपाल तिवारी एवं बसंत बाजपेयी, प्रदेश में दो



कार्यकारी अध्यक्ष होंगे। इसमें आदित्य त्रिपाठी बिलासपुर एवं रज्जन अग्निहोत्री रायपुर क्षेत्र, उपाध्यक्ष अनूप पांडेय, रश्मि लता मिश्रा, श्याम तिवारी दुर्ग, सचिव राजेश पाण्डेय, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी कांत दीक्षित संगठन सचिव सुदेश दुबे साथी, सह सचिव शास्वत तिवारी मनोनीत किए गए। विशेष आमंत्रित सदस्य एमपी तिवारी, संतोष मिश्र, विजय तिवारी, संजय मिश्र, शोभा बाजपेयी, पूनम पांडे, बीना शुक्ला, सुरेश मिश्रा रायपुर, अमित तिवारी, शिवमंगल पांडेय, गोविन्द तिवारी, सुशील शुक्ल, प्रदीप मिश्र मनोनीत किए गए। इस अवसर पर अनिल शुक्ल, प्रशांत शुक्ल मान,सौरभ द्विवेदी, पवन तिवारी, प्रभात अवस्थी, समय अवस्थी, कान्हा अवस्थी, सुरेन्द्र तिवारी, संजय तिवारी, करूणा शंकर अवस्थी, कमलेश मिश्र, शैलेन्द्र अग्निहोत्री, जितेन्द्र पांडेय, योगेश मिश्र, देवेन्द्र बाजपेयी,एस पी मिश्र, देवेन्द्र पाठक, रमा शुक्ला आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस के 44 वार्डो में नियुक्त बीएलए का प्रशिक्षण आज

**बिलासपुर।** शहर ज़िला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत 44 वार्डो में नियुक्त बीएलए को 17 नवम्बर को दोपहर 2 बजे कांग्रेस भवन में प्रशिक्षण दिया जाएगा। शहर अध्यक्ष विजय पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप प्रशिक्षण देंगे । शहर अध्यक्ष विजय पांण्डेय ने कहा कि निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ में भी एसआईआर लागू कर दिया है। बिहार चुनाव का परिणाम संदेहास्पद है। वही प्रक्रिया छत्तीसगढ़ में भी लागू किया गया। इसलिए प्रत्येक नागरिक और कार्यकर्ता मुस्तैदी के साथ बीएलओ से फार्म प्राप्त करे और आवश्यक डाक्यूमेंट्स के साथ फार्म जमा करे। अपनी फोटो के बैकग्राउंड ब्लैक एंड वाइट में होना जरूरी है, जबकि पूर्व में यह नियम था कि कोई भी किसी क्षेत्र में 6 माह रात्रि निवास करता है तो उसका मतदाता सूची में नाम जोड़ने और वोट देने का अधिकार होता था, किन्तु एसआई आर लागू करने के पीछे क्या कारण है? विजय पांण्डेय ने कहा कि बिहार चुनाव में भाजपा और आरएलडी के सांसद दिल्ली और बिहार वोट किया पर निर्वाचन आयोग उन पर कार्रवाई करने से डर रहा है। इसलिए ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए छत्तीसगढ़ियों को सावधान रहना है । प्रशिक्षण में पार्षद और पार्षद प्रत्याशी अपने अपने वार्डो के बीएलए के साथ शामिल होंगे ,साथ ही सभी ब्लॉक अध्यक्ष गण, नए नियुक्त ब्लॉक प्रभारी प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से शामिल हो । ब्लॉक प्रभारी है - देवेंन्द्र सिंह,महेंद्र गंगोत्री,पंकज सिंह,समीर अहमद,महेश दुबे, सिद्धांशु मिश्रा,नसीम खान,शिबली मिराज भी शामिल होंगे।

---

एक माह में 32 मरीजों को मिला इलाज

# क्रॉनिक पेन से सिम्स मरीजों को दिला रहा है राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर

छग आयुर्विज्ञान संस्थान का निश्चेतना विभाग मरीजों के लिए दर्द के आधुनिक उपचार में सार्थक साबित हो रहा है। दर्द निवारण पेन क्लीनिक की नियमित सेवाओं 16 अक्टूबर से की गई है,विश्व निश्चेतना दिवस पर शुरू हुए क्लीनिक अब क्रॉनिक पेन जैसे कैंसर, सर्जिकल व नसों से जुड़े दर्द से राहत दिला रहा है।

सिम्स के पेन क्लीनिक में कैंसर दर्द, जोड़ दर्द, नसों का दर्द, कमर एवं गर्दन दर्द, दुर्घटनाओं के बाद होने वाला तीव्र दर्द तथा पुराने स्थायी दर्द का वैज्ञानिक उपचार उपलब्ध कराया है। उपचार आधुनिक तकनीक जैसे न्यूरोमोडिलेशन, गैंगलिक ब्लॉक, उन्नत स्थानीय इंजेक्शन तकनीक, फ्लोरोस्कोपी एवं अल्ट्रासाउंड से किया जा रहा है। एक माह में 32 मरीज नियमित रूप से इस क्लीनिक से लाभान्वित हो रहे हैं।



### इन बीमारियों में सहायक है पेन क्लीनिक

- कैंसर पीड़ितों में तेज व लगातार होने वाले दर्द।
- नसों में सूजन, दबाव, बर्निंग, सुन्नपन ।
- गर्दन, कमर, कंधे, जोड़ों एवं अंगों के पुराने दर्द।
- गैस, किडनी, अपच, पत्थरी अथवा अन्य आंतरिक दर्द।

### क्लीनिक में उपलब्ध सुविधाएं

- फ्लोरोस्कोपी, डिफिब्रिलेटर, नर्व स्टिमुलेटर व इन्फ्यूजन पंप
- अल्ट्रासाउंड आधारित दर्द निवारण तकनीक
- फिजियोथेरेपी एवं साइकोसोमैटिक मूल्यांकन
- जटिल दर्द प्रबंधन हेतु विशेषीकृत चिकित्सा टीम

### सटीक उपचार है संभव

आधुनिक पेन क्लीनिक की शुरुआत संस्थान की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। गंभीर और लंबे समय से दर्द से पीड़ित मरीजों को आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ टीम की मदद सटीक निदान व उपचार अब संभव हो रहा है।

**- डॉ रमणेश मूर्ति,** डीन, सिम्स

### विशेषज्ञ टीम कर रही काम

कई मरीज जटिल दर्द से लंबे समय से पीड़ित रहते हैं। सामान्य दवाओं व बिना देखभाल के उनकों दर्द से राहत नहीं मिल पाती है। आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ टीम सिम्स में काम कर रही है, जिसका बेहतर रिजल्ट सामने आया है।

**-डॉ लखन सिंह,** अधीक्षक, सिम्स

### दर्द प्रबंधन से सेवा

क्लीनिक सिम्स में दर्द प्रबंधन सेवाओं को नई दिशा दे रहा है। कैंसर एवं अन्य गंभीर दर्द से पीड़ित मरीजों को अब अधिक सटीक और आधुनिक उपचार मिल रहा है। उन्नत उपकरणों की मदद से जटिल दर्द का निदान अधिक सरल और प्रभावी हो चुका है।

**-डॉ. मधुमिता मूर्ति,** विभागाध्यक्ष, निश्चेतना

---

### विधायक अमर ने फैशन स्टोर मोंटी कार्लो का किया शुभारंभ



**बिजनेस प्लस**

**बिलासपुर।** लिंक रोड अग्रसेन चौक के पास 16 नवंबर को फैशन स्टोर मोंटी कार्लो का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल ने किया। उद्घाटन अवसर पर नगर विधायक श्री अग्रवाल ने अपनी शुभकामनाएं दी।

उन्होंने बताया कि यहां रखे कपड़े आधुनिक व सभी आयु वर्ग के लिए एक बढ़कर एक वेरायाटी के कपड़े यहां मौजूद हैं। जो निश्चित ही ग्राहकों को खूब पसंद आएंगे। स्टोर के संचालक कुशल अग्रवाल ने बताया कि फैशन की दुनिया में शहर में हमारे द्वारा युवक युवतियों के लिए मौसम को ध्यान में रखते हमारे यहां के कपड़े अपनी गुणवत्ता, आराम, और स्टाइल के लिए जाने जाते हैं। कंपनी ने अपने उत्पादों को विभिन्न आयु वर्गों और जीवनशैलियों के लिए डिज़ाइन किया है। किड्स वियर बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के कपड़े- फॉर्मल वियरः शर्ट, पैंट, और सूट, डेनिमः जींस, जैकेट, और शर्ट, विंटर वियरः जैकेट, स्वेटर, कार्डिगन, और थर्मल, कैजुअल वियरः टी-शर्ट, शर्ट, पैंट, जींस, और ट्रैकसूट आदि विशाल कपड़ों की रेंज उपलब्ध है। जो ग्राहकों को निश्चित ही पसंद आएगी। इस अवसर पर सुमीत सिंघानिया, शशि प्रभा सिंघानिया, कुशल अग्रवाल, स्वीटी अग्रवाल, संजय छापारिया, अमित सिंघानिया सहित अन्य लोग मौजूद थे।

उद्घाटन के पहले ही दिन ग्राहकों की काफी भीड़ लगी रही। लोग अपने मन पसंद कपड़े की खरीददारी करते नजर आए।

## खबर संक्षेप

### सेजस सकरी में आनंद मेले का आयोजन



**बिलासपुर।** सेजस स्कूल सकरी में बाल दिवस के अवसर पर आनंद मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हें-मुन्ने बच्चों से लेकर हाई एवं हायर सेकंडरी के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले में विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल विशेष आकर्षण के केंद्र रहे। गांव के नागरिकों, नपा प्रतिनिधियों एवं एसएमसी सदस्यों की उपस्थिति में मेले का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान साइंस मेला भी आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने अपने वैज्ञानिक मॉडल और नवाचार का प्रदर्शन किया। मनोरंजन के लिए सूटबाजी, एवीएन फन गेम तथा विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आनंद मेले का सफल आयोजन डॉ संध्या तिवारी के नेतृत्व और एवीएन मौर्य सर के कुशल निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में अनुशासन का दायित्व अनिल छत्री, ओपी राठौर, डॉ राजकुमार तिवारी, भोसलें सर, साहू सर एवं जयराम राठौर ने निभाया। पूरे आयोजन में अर्पणा चौधरी, सैयद मैडम, अर्पणा शर्मा, श्वेता शर्मा, प्रियंवदा शर्मा सहित अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### हांफा में शिव महापुराण का शुभारंभ आज से



**सकरी।** समीपस्थ ग्राम हांफा में सोमवार 17 नवंबर सोमवार से ग्राम पंचायत परिसर में पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुरू हो रहा है। जिसमें व्यासपीठ से आचार्य भानु प्रताप पांडेय टुंडरी वाले कथा का वाचन करेंगे। रामकुमार उपाध्याय, पार्वती उपाध्याय, आचार्य धनेश उपाध्याय, रमेश उपाध्याय सहित पूरा उपाध्याय परिवार आयोजन की तैयारी में जुटा हुआ है।

### जनप्रतिनिधियों ने किया स्कूलों का दौरा



**धरमपुरा।** स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई तथा सुविधाओं की जानकारी लेने जनपद सदस्य प्रतिनिधि राजा धृतलहरे के ने हायर सेकेंडरी स्कूल धरमपुरा, प्राइमरी स्कूल सोढ़ार का दौरा कर निरीक्षण किया। इस दौरान साथ में तरुण पाटले राजेश भास्कर भी मौजूद रहे। विद्यालय में उन्होंने बच्चों से मिलकर उनके पढ़ाई संबंधित जानकारी ली, साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति और अध्यापन कार्य की भी जानकारी ली गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्कूल में बाउंड्री वॉल तथा स्कूल मैदान के समतलीकरण की मांग रखी। इस पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि ने जल्द समस्याओं के समाधान की बात कही।

### पथरिया चैंपियन कप पर जरेली इलेवन का कब्जा



**पथरिया।** नगर के पं जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता पथरिया चैंपियन कप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जरेली इलेवन और पुलिस इलेवन के बीच खेला गया, जिसमें जरेली की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए आसान जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमाया। आयोजन में प्रथम पुरस्कार नगर अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव और सभापति अनिला राजपूत एवं द्वितीय पुरस्कार नगर उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय एवं सभापति मोनिका ओमू दीवान द्वारा प्रदान किया गया। उपस्थित अतिथिओं ने विजेताओ को ट्रॉफी प्रदान कर विभिन्न पुरस्कारों का वितरण किया। नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, जिला पंचायत सभापति अनीला देवेंद्र राजपूत, सभापति अंबालिका साहू एवं पार्षद दीपक साहू के मुख्य आतिथ्य मे कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन समिति के प्रमुख निक्कू यादव, युगल राजपूत, राहुल राजपूत, कुशल निर्मलकर, भास्कर राजपूत, साहिल हुसैन, रविन्द्र बघेल, अनुपम गेंदले, भूपेंद्र गेंदले, दीपक यादव, राजेश यादव, सुखलाल यादव, आकाश यादव, हरि यादव, त्रिलोक पांडेय, विजय लहरे समेत नगर के खिलाड़ियों और युवाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग प्रदान किया।

### शराब दुकान के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन



**तखतपुर।** जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोड़ापुरी के आश्रित ग्राम बर्दुला पारा में प्रस्तावित नई शराब दुकान का ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया। रविवार सुबह बड़ी संख्या में गांव की महिलाओं एवं पुरुषों ने दुकान के बाहर इकट्ठा होकर जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि, गांव में शराब दुकान खुलने से असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ेगी, जिससे महिलाओं की सुरक्षा पर खतरा और युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ने का की आशंका है। विरोध जताने वालों में अधिकतर महिलाएं शामिल थीं, जिन्होंने कहा कि दुकान खुलने से गांव का माहौल बिगड़ सकता है। वहीं, कोड़ापुरी के एक ग्रामीण ने शासकीय शराब दुकान खोलने की मांग का समर्थन किया। उनका कहना था कि गांव में खुलेआम अवैध कच्ची शराब और गांजे की बिक्री होती है, जिस पर कोई रोक नहीं है। बाहर से लोग आकर नशा करते हैं और अभद्र व्यवहार से गांव का माहौल खराब करते हैं। ग्रामीण ने बताया कि सरकारी शराब दुकान न होने के कारण लोगों को 20-25 किलोमीटर दूर सकरी या तखतपुर जाना पड़ता है।

## रावत नाच महोत्सव में 20 नर्तक दलों ने लिया भाग

# यादव समाज का गौरवशाली इतिहासः धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सकरी




सदियों से चली आ रही इस लोक परंपरा का यदुवंशी बंधु निर्वहन करते आ रहे है अब नई पीढ़ी ने इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया है। यादव समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। अपनी सांस्कृतिक धरोहर को यदुवंशियों ने संजो कर रखा है, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उक्त बातें सकरी में सर्व यादव समाज द्वारा आयोजित रावत नाच महोत्सव कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह ने कही।

उन्होंने आयोजन समिति को 31 हजार सहयोग राशि प्रदान की। पूर्व संसदीय सचिव राजू सिंह क्षत्री ने कहा कि, सर्व यादव समाज की ओर से विगत 13 वर्ष से यह आयोजन किया जा रहा है, जो हर वर्ष अपनी भव्यता को प्राप्त कर रहा है। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, यह महोत्सव खुशी और वीरता का प्रतीक है। फसल कटने के बाद यदुवंशी नगाड़े की थाप पर गांव-गांव घर घर जाकर उन्हें आशीष देकर उनके लिए मंगल कामनाएं करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को 5 हजार 1 सौ रूपए की सहयोग राशि प्रदान की। सर्व यादव समाज के जिलाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने कहा कि, ऐसे आयोजन से नई पीढ़ी को अपने जड़ से जुड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम को जपं उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, सेवानिवृत्त निरीक्षक धन्नू यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष मनीराम यादव, संदीप गुड्डा यादव, ललित यादव, सुरेश यादव, संजय यादव एवं राजेश यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भैयाराम यादव, महेतरु यादव, रामचरण यादव, आनंद यादव, अनिरुद्ध यादव सहित बड़ी संख्या में सामाजिक लोग एवं आसपास से ग्रामीण उपस्थित रहे।

### परसदा ने मारी बाजी

रावत नाच महोत्सव में कुल 20 टिमों ने भाग लिया, जिसमें परसदा प्रथम पर रही। वहीं दूसरे स्थान पर बसिया, तीसरे स्थान पर भरनी की टीम रही।इसी क्रम में सिरगिट्टी चौथे, सिलपहरी पांचवां, खमतराई छठवें एवं बहतराई सातवें स्थान पर रही। आयोजन में उपस्थित सभी टीमों को सांत्वना पुरस्कार समिति की तरफ से प्रदान किया गया।

## रावत नाच महोत्सव संपन्न, सिलपहरी रही विजेता



**तखतपुर।** रावत नाच केवल नृत्य नहीं, बल्कि हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। आज भी समाज के युवा अपने पूर्वजों के परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पारंपरिक वेशभूषा में रावत नाच प्रस्तुत कर अपनी कला एवं संस्कृति को जीवंत बनाए हुए हैं। उक्त बातें विधायक धर्मजीत ने ठाकुर यादव समाज द्वारा आयोजित रावत नाच महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में कही। आगे उन्होंने कहा कि, यादव समाज के लोगों से मेरा गहरा संबंध रहा है, जब मैं लोरमी में था तब वहां भी समाज के लोगों से मुझे स्नेह मिलता रहा। यहां भी यादव समाज का स्नेह और आशीर्वाद मिल रहा है। कार्यक्रम का आयोजन बालक हाई स्कूल मैदान तखतपुर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वदाता समाज के जिला अध्यक्ष रामचंद्र यादव ने की। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में ललिता संतोष कश्यप, संतोष कौशिक, आतमजीत मक्कड़, रमेश यदु, डीसी यादव, राकेश तिवारी, भारती माली, दिनेश राजपूत, दिनेश साहू, धन्नू यादव, कन्हैया यादव, मनीराम यादव, विशाल सिंह, नैनलाल साहू, अंकित अग्रवाल, कोमल ठाकुर, बबलू गुप्ता, रमन हुआ, शैलेन्द्र निर्मलकार मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रमेश यदु ने समाज को संगठित रह कर काम करने की बात कही। कार्यक्रम में 15 नर्तक दलों ने भाग लिया एवं अपनी कला और शौर्य का प्रदर्शन किया। नृत्य में प्रथम स्थान हासिल करने वाली सिलपहरी की टीम को 15 हजार नकद एवं रनिंग शील्ड से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार द्वितीय स्थान परसदा को 11 हजार, तीसरा स्थान बसिया को 9 हजार, चौथा स्थान भरनी को 7 हजार एवं पांचवां स्थान प्राप्त करने वाली खमतराई एवं निगारबंद की टीम को 5 हजार नकद व रनिंग शील्ड से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विश्वनाथ यादव, गरीबा यादव, ललित यादव, अजय यादव, सरजू, यादव, अमित यादव, जीवन यादव, दुर्गा, यादव, विक्की यादव, दीपक यादव, राहुल यादव, मनोज यादव, बहोरन यादव, देवारी यादव, देवेंद्र यादव, मुकेश यादव भाऊराम यादव, चतुर यादव, राजकमल यादव, अशोक यादव, राजकुमार यादव, शंकर यादव, शिवदयाल यादव, सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पंधी में रावत नाच महोत्सव आज

**लगरा।** ग्राम पंधी में रावत नाच महोत्सव का आयोजन सोमवार 17 नवम्बर को बाजार स्थल में किया जा रहै है, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जपं सदस्य रेवाशंकर साहू मौजूद रहेंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच वीरेन्द्र साहू करेंगे। रावत नाच महोत्सव में प्रथम पुरस्कार 5 हजार 1 रूपए नकद व शील्ड, द्वितीय पुरस्कार 3 हजार 1 रूपए नकद व शील्ड एवं तृतीय पुरस्कार 2 हजार 1 रुपए व शील्ड प्रदान किया जाएगा। साथ ही सांत्वना पुरूस्कार के रूप में सभी नर्तक दल को 501 रूपए नकद व शील्ड से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने संजीव धर दीवान, अभिषेक धर दीवान, दिलीप साहू सहित समस्त ग्रामवासी का सहयोग मिल रहा है।

## किसी में भेदभाव न करें, सभी में ईश्वर का दर्शन करेंः कृष्णप्रिया



**लोरमी।** जिंदल परिवार की ओर से उनके निज निवास पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। आयोजन के सातवें दिन प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कथा में शामिल हुए एवं कथा का श्रवण किया। कथावाचिका देवी कृष्णप्रिया ने बताया कि, जो जीव श्रीमद्भागवत कथा पुराण का श्रवण करता है, उसका अंतः करण शुद्ध हो जाता है एवं उसके तीन प्रकार के पाप नष्ट हो जाते हैं। सात दिनों की कथा सुनना तभी सार्थक माना जाता है, जब हम भगवान के बताए गए रास्तों पर चलते हैं। यह कथा मनुष्य को इस भवसागर से तार देने वाली है। देवी जी ने बताया कि, सात दिवस की कथा अति महत्वपूर्ण है, जो किसी कारण वश पूरे सातों दिन कथा में नहीं आ पाते अगर वे एकाग्रचित होकर पूरे भक्ति भाव से सातवों दिन की कथा श्रवण करें तो उन्हें सारे दिन की कथा का फल प्राप्त होता है। कथा के दौरान देवी कृष्णप्रिया ने जातिवाद का विरोध करते हुए कहा कि, हमारे सनातन धर्म में सभी वर्गों को भगवान का ही अंश माना गया है, इसलिए किसी मे भी भेदभाव न करें और सभी में ईश्वर का दर्शन करें। देवीजी ने सनातन धर्म पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, सनातनी होना हमारा सौभाग्य हैं। हमारे यहां ईश्वर के साथ-साथ प्रकृति को भी पूजा जाता है, लेकिन आज के समय में सनातनी अलग-थलग हो रहे हैं। यह अत्यंत चिंता का विषय है। हम सभी सनातनियों को एकजुट होकर हमारी प्राचीन संस्कृति की सुरक्षा करनी चाहिए। आगे कथा में देवी जी ने भगवान के दो परम मित्रों का वर्णन करते हुए बताया कि, भगवान कृष्ण ने केवल दो ही लोगों को अपना परम मित्र बनाया। एक उद्धव जी, जो अत्यंत ज्ञानी थे और दूसरे बाल सखा, जो भक्ति और प्रभु पर निष्ठा के सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। हमें भी सुदामा की तरह हर परिस्थिति में पूर्ण भक्ति भाव व श्रद्धा से उनका स्मरण करना चाहिए। इस अवसर पर पवन अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल सहित पूरा जिंदल परिवार एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कोटा के कार्यकर्ताओं से मिले भूपेश



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार को जांजगीर एवं मुंगेली जिले के दौर पर रहे। जांजगीर से लोरमी उन्होंने जाते समय वे कोटा विधानसभा के तेंदुआ रेस्ट हाउस में कोटा विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात की। कार्यकर्ताओं ने बिजली बिल, धान खरीदी और महतारी वंदन योजना को लेकर अपनी समस्या बताई। तेंदुआ पहुंचने पर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदित्य दीक्षित के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती कार्यक्रम में शामिल होने जांजगीर गए हुए थे और वहां से मुंगेली जिले के लोरमी पहुंचकर समाजसेवी पवन अग्रवाल के यहां भागवत कथा में शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ भाटापारा विधायक इंद्र साव मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अभय नारायण राय पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला जिला पंचायत के पूर्व सभापति जितेंद्र पांडे पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस नेता शिवबालक कौशिक शामिल रहे।

## पतंजलि योग समिति के कार्यकर्ताओं की बैठक



**मुंगेली।** स्वामी परमार्थ देव मुख्य केंद्रीय प्रभारी पतंजलि योगपीठ हरिद्वार मुंगेली में पतंजलि योग समिति की कार्यकर्ता बैठक एवं सह योग शिक्षक प्रमाण पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। 30 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रभारी स्वामी नरेंद्र देव के अतिरिक्त स्थानीय योग प्रशिक्षक विवेक केशरवानी एवं सुरेश खुसरो द्वारा सूर्य नमस्कार, दंड बैठक, योगिंग जोगिंग, आसान, प्राणायाम, मेडिटेशन का प्रशिक्षण दिया गया। ऑनलाइन प्रशिक्षण सायंकालीन सत्र में रायपुर, रायगढ़, बिलासपुर से विभिन्न मुख्य योग शिक्षकों द्वारा दिया गया, जिसमें श्रीराम शर्मा, निधि शर्मा व हेमलता द्वारा पंचकर्म, षट्कर्म, वेदों, आयुर्वेद, यज्ञ थेरेपी शामिल थी। उयोग प्रशिक्षण शिविर के प्रमाण पत्र का वितरण होटल पुनीत के सभागार में किया गया। उक्त कार्यक्रम का प्रारंभ रीना सिंह ने स्वागत गीत के साथ किया। उसके पश्चात कुमारी राशि केशरवानी के द्वारा कथक नृत्य का बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी। जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति विवेक केशरवानी ने केंद्रीय प्रभारी परमार्थ देव का परिचय उपस्थित योग साधक, सह योग शिक्षकों एवं मुंगेली पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के फाउंडर मेंबर से कराया। कार्यक्रम में पुष्प वाटिका ग्रुप के समस्त योग साधक मंगल भवन के समस्त योग साधक के अलावा पतंजलि योग समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी से विवेक केसरवानी एवं आभार प्रदर्शन संजय उपाध्याय ने किया।

## लकड़ी तस्करों को पकड़ने गए वन कर्मियों को दौड़ा दौड़कर पीटा



**कोरबा।** जोगीपाली गांव में कुछ ग्रामीणों द्वारा देर रात को जंगल में घुसकर साल पेड़ों की कटाई की जा रही थी और उसे ट्रेक्टर में लोड कर खपाने के लिए ले जाने की तैयारी की जा रही थी। इस बीच वन अमले की टीम मौके पर पहुंची तो लकड़ी तस्करों ने सीधे वन विभाग के कर्मचारियों पर हमला कर दिया और उन्हें दौड़ा दौड़ा कर पीटा, जिससे वे मौके से जान बचाकर भाग निकले। हमलावर ग्रामीणों ने वन कर्मियों का मोबाइल भी लूट लिया है। मामले की शिकायत पर करतला पुलिस ने हमले की घटना को अंजाम देने वाले ग्रामीणों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए हैं, पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से खुजबीन में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार कोरबा वनमंडल के करतला वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले रामपुर सर्किल के परिक्षेत्र सहायक चमरू सिंह कंवर तथा बीट गार्ड गजाधर राठिया को हाथी ड्यूटी के दौरान शुक्रवार की रात लगभग 9 बजे क्षेत्र में सर्चिंग कर रहे थे और गांव गांव में पहुंचकर मुनादी करने में लगे हुए थे। इस बीच उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम जोगीपाली गांव के पटेल परिवार के कुछ लोग नावाडीह के जंगल में साल लकड़ी काटकर उसे ट्रेक्टर में तस्करी कर खपाने की तैयारी में लगे हुए हैं। मुखबिर से सूचना पाते ही गजाधार राठिया और चमरू सिंह कंवर तत्काल जोगीपाली नवाडीह के जंगल में दबिश दी, जहां तीन नग साल लट्ठा को काटकर ट्रेक्टर में तस्करी की जा रही थी। वन विभाग के छापा मारते ही तस्करों में हड़कंप मच गया। तस्करों ने आव न देखा न ताव और सीधे मौके पर मौजूद गजाधर राठिया और चमरू पर ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया।

## भू-नक्शे में हेरफेर, आज आमरण अनशन पर बैठेंगे भू-स्वामी

**मरवाही।** भू नक्शे में हेर फेर की शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने पर भू स्वामी ने आमरण अनशन की चेतावनी दी है।

जानकारी के अनुसार तहसील अंतर्गत ग्राम भर्रीडांड राजडीह में अधिवक्ता एवं किसान राम नारायण कैवर्त की पुश्तैनी भूमि 375/1 है। यह भूमि पहले उत्तर एवं दक्षिण सीरीज में कटी थी, जिसके दस्तावेज उनके पास हैं। कुछ दिन पहले जब उन्होंने भूमि को ऑनलाइन चेक किया तो हैरान रह गए। उन्होंने देखा कि उनकी भूमि की दिशा पहले से उलट कर दी गई है एवं ऑनलाइन नक्शे में भूमि को पूर्व से पश्चिम सीरीज में कर दिया गया है। राम नारायण कैवर्त ने बताया कि, आज कल ऑनलाइन में किसी भी प्रकार के परिवर्तन लिए विधिवत प्रकरण चलाकर उस पर सक्षम अधिकारी से आदेश लेना पड़ता है। इन सभी नियमों को ताक पर रखते हुए आरआई एवं पटवारी ने अपनी मनमर्जी करते हुए भू-नक्शे से छेड़छाड़ की है। इसी प्रकार राजडीह के ही लालू साहू और मरवाही के विशाल सिंह ने अपनी भूमियों के भू-नक्शे में छेड़छाड़ की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से कर जल्द ही नक्शा सुधारने के लिए निवेदन किया था, जिस पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। इसके आक्रोशित पीड़ति भूस्वामी तहसील के सामने आमरण अनशन में बैठेंगे।

अनशन की विधिवत सूचना शासन एवं प्रसासन को दी गई है।

**मिली थी शिकायतः** भू-नक्शा बदलने के संबंध में शिकायत मिली थी, जिसकी जांच के लिए हमने एक टीम गठित कर दी है। टीम ने अपनी जांच भी पूरी कर ली है। जांच रिपोर्ट के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।
**- देवेंद्र सिरमौर**, एसडीएम मरवाही





# अंधकार से भरा हुआ है फिल्म इंडस्ट्री का बुरा दौर : महेश भट्ट

**मुंबई।** सारांश, सड़क और आशिकी जैसी फिल्मों के लिए मशहूर निर्माता-निर्देशक महेश भट्ट ने हाल ही में मनोरंजन व्यवसाय को लेकर अपनी राय पेश की है। उन्होंने बताया कि फिल्म इंडस्ट्री हमेशा से ही लोगों का ध्यान खींचती आई है, लेकिन इंडस्ट्री के लिए यह समय सही नहीं है। एक चर्चा में महेश भट्ट ने कहा कि सोशल मीडिया ने सत्ता की ताकत को बढ़ा दिया है, जिससे सच बोलने वालों की आवाज दब जाती है। लोग अब डर के मारे चुप रहते हैं और सच्चाई को दबा दिया जाता है। सोशल मीडिया और डिजिटल युग के कारण यह और भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने इसे इंडस्ट्री का अंधकारमय समय बताया।

लाइफ Style

# तमन्ना
## रोबोट संग की रैंप वॉक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में तमन्ना भाटिया फैशन डिजाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शोस्टॉपर बनीं। एक्ट्रेस का रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस रैंप वॉक में ब्यूटी और ऑटिफिशियल इंटेलीजेंस का संगम देखने को मिला है।

फैंस को भी तमन्ना भाटिया का अंदाज पसंद आया। तमन्ना भाटिया ने ब्लैक वेस्टर्न आउटफिट में रैंप वॉक की। इस ड्रेस के स्लिट्स शोल्डर से एक्ट्रेस का लुक काफी यूनीक बन गया है। तमन्ना ने इस ड्रेस के साथ मेकअप भी काफी कम किया है, उनका नेचुरल लुक पूरी तरह से हाइलाइट हो रहा है। तमन्ना भाटिया के अलावा फाल्गुनी और शेन पीकॉक के लिए शाहिद कपूर ने भी रैंप वॉक किया। वह ब्लैक और ब्लू कलर वाले सूट में नजर आए। वहीं, बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के दोहा टूर से कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। इनमें एक वीडियो में एक्टर को तमन्ना भाटिया के साथ परफॉरमेंस देते हुए देखा जा सकता है। दोमोम की जबरदस्त केमिस्ट्री देख फैंस को पसंद आ रही है। तमन्ना ने सलमान और कैटरीना कैफ पर फिल्माए गाने 'दिल दिया गल्लां' पर भी परफॉर्म किया जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स को जोया यानी अ=कैटरीना कैफ की याद आ गई। दोहा में अपनी परफॉरमेंस के दौरान सलमान ने अपने सुपरहिट गानों पर परफॉर्म कर महफ़लि ही लूट ली। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में सलमान को अपनी फिल्मों के गाने जैसे ओ ओ जाने जाना, स्वैग से स्वागत, दीदी तेरा देवर दीवाना, कभी तू छलिया लगता है, जीने के हैं चार दिन पर परफॉर्म करते देखा जा सकता है।



हॉलीवुड मसाला



# फैंस ने की एकॉन से बदसलूकी

**मुंबई।** एक तरफ फैंस हॉलीवुड सिंगर एकॉन के म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए एक्साइटेड थे। लेकिन, कॉन्सर्ट से एक वीडियो हुआ, जिसमें फैंस ने ही उनके साथ बदसलूकी की है। वह गाना गाते हुए फैंस के बीच पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनकी पैंट खींची। इससे सिंगर असहज हो गए। यूजर्स ने भी इस वीडियो पर रिएक्शन दिए, फैंस के व्यवहार सोशल मीडिया यूजर्स काफी दुखी दिखे। वायरल वीडियो में कॉन्सर्ट के दौरान एकॉन गाना गाते हुए फैंस के करीबी पहुंचे। अचानक इतना करीब एकॉन को देखकर फैंस एक्साइटेड हो गए। इसी बीच कुछ लोगों उनकी पैंट को खींचने लगे।



# कैथरीन को जंगल सफारी में खा गया था शेर...

लॉस एंजिल्स। 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में एडिटर के तौर पर काम कर चुकीं 29 वर्षीय कैथरीन चैपल की ये कहानी रोंगटे खड़े कर देने वाली है। उन्हें जंगल सफारी के दौरान शेर ने दबोचा था और प्रत्यक्षदर्शी ने सिहराने वाली कहानी बताई थी। कैथरीन अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पास एक सफारी पार्क से गुजर रही थीं, जहां खुली कार की खिड़की पर शेर ने हमला कर दिया था। हालांकि, टूर गाइड ने उन्हें बहादुरी से बचाने की कोशिश की थी। तस्वीरें खींचने के तुरंत बाद शेर ने उनपर झपट्टा मारा। देखते ही देखते ये ड्रीम हॉलीडे एक बुरे सपने में बदल गया। दरअसल, कैथरीन ने खिड़की को नीचे किया था क्योंकि उन्हें जमीन पर लेटे एक शेर की तस्वीर लेनी थी। इससे पहले कि 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की कैथरीन को एहसास होता, शेर अपने पिछले पंजे पर खड़ा हो गया।



# मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं : नोरा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही का नाम इस वक्त काफी सुर्खियों में बना हुआ है। इंडस्ट्री के कई सेलेब्स के साथ नोरा का नाम भी अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से जुड़ी ड्रग पार्टियों की जांच में सामने आया है। अंडरवर्ल्ड डॉन के साथ नाम जुड़ते ही नोरा लगातार सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रही हैं। ऐसे में अब नोरा ने खुद इन खबरों पर चुप्पी तोड़ते हुए ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। नोरा फतेही ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस नोट में नोरा ने ट्रोलर्स पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने लिखा, 'मैं पार्टियों में नहीं जाती। मैं लगातार काम कर रही हूं। मेरी कोई पर्सनल लाइफ है ही नहीं। मैं खुद के ऐसे लोगों से नहीं जोड़ती। अगर मैं छुट्टी लेती हूं, तो अपने दुबई वाले घर या फिर करीबी लोगों के साथ वक्त बिताना पसंद करती हूं.।'



# हनुमान और श्रीराम की मिली झलक

**मुंबई।** एस एस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' की पहली झलक फैंस को मिल चुकी है। फिल्म 'वाराणसी' साल 2027 में रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर की शुरुआत वाराणसी नगरी की भव्य झलक के साथ होती है। इसके बाद कई सारे ऋषि हवन करते हुए नजर आते हैं। उसी हवन की अग्नि से क्षुद्रग्रह जन्म लेता है, जो सीधा आसमान से अंटार्कटिका में बहती हुई बर्फीली नदी में गिरता है। इसके बाद सीधे अफ्रीका की झलक दिखाई जाती है जहां बहुत सारे जानवर हैं। यहीं एक वानर को दिखाने के बाद ही दिखती है हनुमान की झलक। इसके बाद हनुमान को लंका जलाते हुए एक मोशन पोस्टर के रूप में दिखाया गया है। हनुमान जी को पर्वत उठाते हुए दिखाया गया है। इसके बाद वाराणसी की मणिकर्णिका घाट पर हाथ में त्रिशूल पकड़े दिखाया गया है रूद्र को।

टीवी मसाला



# अंगद तोड़ देगा तुलसी का विश्वास परिवार में बिखर जाएंगे रिश्ते

**नई दिल्ली।** सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' इन दिनों टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर बना है। इस सीरियल में खूब ड्रामा चल रहा है। सीरियल के लीड कैरेक्टर तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर का रिश्ता वक्त की कसौटी पर खड़ा है। बेटे अंगद की एक हरकत से इनके रिश्ते में दरार आ जाएगी। जानिए, सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' से जुड़ा अपडेट। मिहिर ने बेटे अंगद की शादी मिताली से तय की। अचानक शादी वाले दिन अंगद गायब हो जाता है। वह वृंदा से मंदिर में जाकर शादी कर रहा है। यह बात तुलसी को पता चलती है। वह अंगद और वृंदा की शादी रोकना चाहती है। दरअसल, तुलसी को लगता है कि अंगद की इस हरकत से मिहिर टूट जाएगा। साथ ही तुलसी और मिहिर का रिश्ता भी बिखर सकता है। जब मिहिर को एक न्यूज चैनल से अंगद और वृंदा की शादी खबर पता चलती है तो वह वीडियो में तुलसी को भी खड़े देखता है। इससे मिहिर को लगता है कि अंगद और वृंदा की शादी तुलसी ने करवाई है। जबकि तुलसी तो शादी रोकने गई थी। लेकिन इस गलतफहमी के कारण तुलसी और मिहिर के बीच दूरियां बढ़ जाएंगी। विरानी परिवार में भी अंगद के शादी के फैसले से टेंशन काबन जाएगा। नए-नए ट्विस्ट के कारण ही सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' कुछ महीनों में ही टीआरपी चार्ट में टॉप 2 में शामिल है। हालिया टीआरपी चार्ट में यह दूसरे नंबर रहा। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 44वें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली है। पहले नंबर पर रुपाली गांगुली का सीरियल 'अनुपमा' है।

## तेजस्वी ने बताया कैसे डबल करती हैं पैसे

**नई दिल्ली।** तेजस्वी प्रकाश टीवी की पॉपुलर ही नहीं, बल्कि हाइएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। वह पिछले काफी समय से लगातार काम कर रही हैं



और अब खूब रियलिटी शोज भी नजर आ रही हैं। यानी तेजस्वी प्रकाश इस वक्त खूब कमाई कर रही हैं। पर एक्ट्रेस होने के साथ-साथ तेजस्वी प्रकाश एक बिजनेसवुमन भी हैं। तेजस्वी प्रकाश ने हाल ही एक पॉडकास्ट में बताया कि उन्होंने बहुत पहले ही इनवेस्टमेंट करना शुरू कर दिया था। उन्हें काम करते रहना पसंद है और अपना फ्री टाइम भी काम करने में इस्तेमाल करती हैं। तेजस्वी ने बताया कि उन्होंने 'बिग बॉस' में भी हिस्सा सिर्फ इसलिए लिया था क्योंकि तब कोविड चल रहा था। उन्हें काम करने का इतना शौक है कि अभी भी एक्टिंग तो कर ही रही हैं, पर साथ ही रियल एस्टेट बिजनेस भी कर रही हैं। तेजस्वी ने आगे कहा, 'मैं उस प्रॉपर्टी का इस्तेमाल नहीं कर रही, पर मुझे घर बैठे उससे कमाई हो रही है।

# दानिश की फिल्म से करेंगे वापसी

**मुंबई।** आमिर खान के भांजे और अभिनेता इमरान खान 10 साल बाद फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। वह अपने पुराने दोस्त और निर्देशक दानिश असलम के साथ एक नई फिल्म बना रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने 15 साल पहले 'ब्रेक के बाद' बनाई थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में इमरान ने अपनी वापसी और इस फिल्म के बारे में खुलकर बात की।इमरान ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि उनकी आगामी फिल्म 'ब्रेक के बाद' की तरह ही है। उन्होंने कहा, 'यह फिल्म मेरे और दानिश के जीवन के अनुभवों से बनी है। दानिश की शादी हो चुकी है, और मेरा तलाक हो गया है। यह एक निजी प्रोजेक्ट है, जो दोस्तों के साथ मिलकर कहानी कहने की इच्छा से शुरू हुआ।' फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह पोस्ट-प्रोडक्शन में है। जल्द ही स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज डेट की घोषणा होगी। इस फिल्म में इमरान के साथ अभिनेत्री भूमि पेडनेकर नजर आएंगी। इमरान ने बताया कि भूमि को चुनना सबका साझा फैसला था। उन्होंने सेट पर



खुशनुमा माहौल बनाया। इमरान ने कहा, 'यह मेरे करियर का सबसे मजेदार सेट था।' फिल्म में अभिनेता गुरफतेह पीरजादा भी हैं। इमरान ने बताया कि उन्होंने पहले 'ब्रेक के बाद' फिल्म के लिए मना कर दिया था। उस समय वह 'आई हेट लव स्टोरीज' की शूटिंग कर रहे थे। दानिश ने उन्हें कहानी सुनाने की कोशिश की, लेकिन इमरान को कहानी सुनना पसंद नहीं था, इसलिए उन्होंने मना कर दिया। बाद में एक पार्टी में दानिश से मुलाकात हुई और उनकी बातचीत से इमरान का मन बदल गया। दानिश ने उन्हें स्क्रिप्ट भेजी, जो इमरान को पसंद आई, और फिर उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू की।

# 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज होगा 'शोले' का 4के संस्करण...

**मुंबई।** निर्देशक रमेश सिप्पी की कल्ट फिल्म 'शोले' अपनी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर 4के वर्जन में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज की जा रही है। इस बार 'शोले- द फाइनल कट' के रूप में सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी और जया की प्रसिद्ध फिल्म 'शोले' एक बार फिर से सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। यह फिल्म 12 दिसंबर को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। इस बार दर्शकों को फिल्म का मूल अंत देखने को मिलेगा, जिसे 1975 में आपातकाल के दौरान सेंसरशिप के कारण बदल दिया गया था। मूल सीन में ठाकुर (संजीव कुमार) गब्बर सिंह (अमजद खान) को बदले की भावना से स्पाइक वाले जूतों से मारते हैं। सेंसर बोर्ड ने इसे हिंसक मानकर हटा दिया था।'शोले' फिल्म को कई बार री-रिलीज किया गया है। इसे 2004 में 30वीं वर्षगांठ पर 70 मिमी रीस्टोर किया गया। इसके बाद 2014 में 3डी वर्जन और 2024 में 4के वर्जन शामिल है। सबसे हालिया री-



रिलीज की घोषणा 15 अगस्त 2025 को इसकी 50वीं वर्षगांठ के मौके पर की गई थी। अब यह फिल्म 12 दिसंबर, 2025 को पूरे भारत में 1,500 स्क्रीन्स पर रिलीज की जाएगी। 'शोले' ने 1975 में रिलीज के बाद से भारतीय संस्कृति पर गहरी छाप छोड़ी है। यह सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय फिल्म है। इस साल टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भी इस फिल्म को सराहा गया। फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, जया बच्चन, हेमा मालिनी, संजीव कुमार और अमजद खान जैसे सितारों का अभिनय दर्शकों को बेहद पसंद आया। यही वजह है कि यह एक कल्ट फिल्म बन चुकी है।

## समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाता है मीडिया
# इन फिल्मों में दिखी पत्रकारिता की असल तस्वीर

***नई दिल्ली।** समाज में होने वाली घटनाओं को जनता तक पहुंचाना, सत्ता से सवाल करना, आम लोगों की आवाज बनना। इन सभी बातों को प्रमुखता से रखने का काम मीडिया करता है। सिनेमा और मीडिया कभी अछूते नहीं रहे हैं। हम बात करेंगे उन हिंदी फिल्मों की, जिनमें पत्रकारिता और मीडिया के रूपों को दिखाया गया है। साथ ही उनके संघर्षों को भी उजागर किया गया है।*



**धमाका :** राम माधवानी के निर्देशन में साल 2021 में फिल्म 'धमाका' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिनके किरदार का नाम अर्जुन पाठक रहता है। फिल्म में अर्जुन पाठक एक पत्रकार रहते हैं, जो मुंबई में हुए आतंकवादी हमले का लाइव ब्रॉडकास्ट कवर करता है। इस हमले के बाद उसकी पूरी जिंदगी बदल जाती है। फिल्म में कार्तिक आर्यन के अलावा मृणाल ठाकुर, अमृता सुभाष, विकास कुमार आदि भी अहम किरदारों में नजर आए थे।



**नो वन किल्ड जेसिका :** साल 2011 में आई फिल्म 'नो वन किल जेसिका' भी मीडिया के पहलुओं को दिखाती है। फिल्म का निर्देशन राजुकमार गुप्ता ने किया था। फिल्म में विद्या बालन और रानी मुखर्जी मुख्य किरदारों में नजर आई थीं। फिल्म में रानी मुखर्जी ने एक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। आपको बता दें कि यह फिल्म जेसिका लाल केस की सत्य घटना पर आधारित है, जिसमें सिस्टम की कई खराबियों को कैमरे पर दिखाया गया है। फिल्म में पत्रकार बनीं रानी मुखर्जी हत्यारों के खिलाफ सबूत जुटाने में सबरीना की मदद करती हैं।



**क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता :** गोविंदा की यह फिल्म भले ही एक कॉमेडी-ड्रामा हो, लेकिन इसमें पत्रकारिता और मीडिया की ईमानदारी का संदेश स्पष्ट रूप से सामने आता है। इस फिल्म में अभिनेता मोहनिश बहल ने पत्रकार की भूमिका निभाई थी, जो सच को उजागर करने का प्रयास करते हैं। हालांकि उनकी हत्या कर दी जाती है। यह फिल्म साल 2001 में आई थी, जिसका निर्देशन डेविड धवन ने किया था।

**नायक :** साल 2001 में एस. शंकर के निर्देशन में फिल्म 'नायक' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अभिनेता अनिल कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जिन्होंने शिवाजी राव नामक पत्रकार की भूमिका अदा की थी। फिल्म में उस पत्रकार को मुख्यमंत्री का इंटरव्यू करने का मौका मिलता है। इसके बाद वह मुख्यमंत्री से काफी तीखे सवाल करता है। फिर उस पत्रकार को एक दिन का मुख्यमंत्री बना दिया जाता है। इसके बाद की कहानी काफी रोचक होती है। इसमें पत्रकार सत्ता से सवाल करते हुए अपना धर्म निभाता है।





धर्म-क्षेत्र

## महापुरुषों के जीवन चरित्र का करें अनुकरण : शास्त्री



**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में रविवार को साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग कार्यक्रम में देशभक्तों के नाम पर बच्चों की प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया और बिरसा मुंडा जयंती मनाई गई। यज्ञ के यजमान हीरा चंद्रा रहे। आचार्य जयदेव शास्त्री ने कहा कि महापुरुषों के जीवन चरित्र का अनुकरण करने से निश्चित रूप से हम भी महान बनेंगे। सत्संग में प्रारंभ में डॉ प्रेमांकुर गुप्ता ने बताया कि देश पर जगह-जगह हमले हो रहे हैं और देश की स्थिति बड़ी गंभीर होती जा रही है। इस पर विचार करने की जरूरत है। आचार्य जयदेव ने बताया कि बिरसा मुंडा ने भारत की मिट्टी में स्वाभिमान की ज्योति जलाई और विदेशी शासन की नींव हिला दी। 15 नवंबर 1875 में जन्मा आदिवासी बालक अंग्रेजों के विरुद्ध आंदोलन किया। जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए वनवासियों को जागृत किया। 5 वर्ष तक ईसाई मिशनरी स्कूल में पढ़कर बिरसा मुंडा ने ईसाई धर्म को छोड़कर सनातन धर्म अपना लिया एवं आनंद पांडेय को गुरु बना कर उपनिषद, रामायण, महाभारत आदि ग्रंथों का अध्ययन कर सनातन धर्म अनुसार जीवन जिए। वनवासियों को ईसाई धर्म त्याग कर सनातन धर्म में वापस आने का आह्वान किया। अनेक वनवासियों ने ईसाई धर्म को छोड़कर सनातन धर्म को अपनाकर बिरसा मुंडा के साथ अंग्रेजों से लोहा लिया। कई बार जेल में भी गए। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा के रहते हुए आदिवासी समुदाय ईसाई नहीं बने और जो ईसाई बन गए थे वापस सनातन धर्म में आ गए। आचार्यजी ने बच्चों को प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। अंत में बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार देकर के कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर सूरज वस्त्रकार, अरविंद गर्ग, शकुंतला पटेल, पवन मोहता, आशीष बत्रा, दुःखभंजन जायसवाल, देवकुमार यादव, विक्की केंवट, शत्रुघ्न तोमर सपरिवार उपस्थित रहे।

# पारंपरिक वेश में सुआ नृत्य का शानदार प्रदर्शन

भोजली महोत्सव समिति ने धान मंडी चौक तोरवा में रविवार को छत्तीसगढ़ के लोक पर्व सुआ नाच महोत्सव का आयोजन किया। इसमें बिलासपुर, मुंगेली, पथरिया, कोटा सहित अन्य स्थानों के 35 दलों ने भाग लेकर पारंपरिक वेश में सुआ नाच का शानदार प्रदर्शन किया। इससे पूरा माहौल लोकमय हो गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समिति के अध्यक्ष शंकर यादव ने बताया कि हमर छत्तीसगढ़ के लोक पर्व हमर संस्कृति और हमर देवारी तिहार के पावन अवसर पर इस वर्ष भी सुआ नाच महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की परंपरा को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाना है एवं विलुप्त हो रही हमारी लोक नृत्य से सभी को अवगत कराना रहा।

इसके बाद सुआ नृत्य दलों ने एक-एक कर मंच पर अपने सुआ नृत्य का प्रदर्शन किया। सभी दलों का प्रस्तुति का अपना एक अलग अंदाज रहा। अलग-अलग कलर के वेश पहुंची टीम देखने में काफी आकर्षक लग रही थी। उपस्थित सभी लोगों ने नृत्य का देर रात तक आनंद लेते रहे। निर्णायक के रूप में जयदीप मानिकपुरी, डॉ सुनील यादव, रीता राजगिर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शांति सोनी, महेन्द्र सिंह ध्रुव ने संयुक्त रूप से किया।




### नगद व कप देकर किया पुरस्कृत

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीम को अतिथियों के हाथों नगद राशि एवं कप पुरस्कार स्वरूप दिया गया। प्रथम 7 हजार गणेश प्रधान, द्वितीय 5 हजार व कप रामजी यादव रायपुर, तृतीय 3 हजार देव यादव रायपुर, चतुर्थ 15 सौ व कप प्रहलाद दूधेश्वर, पांचवा 110 सौ रूपए व कप मोहन श्रीवास मोपका एवं सभी को सांत्वना पुरस्कार 3 सौ गिरीश केंवट ने प्रदान किया।

**इनका रहा सहयोग :** कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के संरक्षक गंगेश्वर सिंग उईके, नंदकिशोर यादव, सचिव सुनील भोई, कोषाध्यक्ष बृजभूषण सरवन, सलाहकार सहदेव केंवट, प्रवीण तरुण, मोहन श्रीवास, रामजी यादव, देव यादव रायपुर, संजय ठाकुर, अजय प्रधान, गिरीश केंवट, उपाध्यक्ष सुरेश दास, वीरू पटेल, गोपाल यादव, दिलीप श्रीवास, मनीष पटेल, रामचरण रजक, यशोदा उईके, संतोषी भोई, रामबाई सैनिक, सुखमत केंवट, रामप्यारी पटेल, रेखा दास मानिकपुरी, डॉ अलका, मोना केंवट, संगीता यादव, सुनीता निषाद, प्रभा यादव का सहयोग रहा।

### झलकी छत्तीसगढ़ की संस्कृति

दीपावली के बाद धान की फसल तैयार होती है तो गांवों, शहरों में महिलाएं सुवा नाच महोत्सव के रूप में मनाती हैं। यह नृत्य छत्तीसगढ़ की लोक आत्मा का प्रतीक है। जिसमें गीत गाकर सामूहिक नृत्य करती हैं। आज के इस नृत्य में छत्तीसगढ़ की संस्कृति की पूरी झलक देखने को मिली।

### झांकी रही दर्शनीय

सुआ नृत्य के दौरान छत्तीसगढ़ महतारी, बिलासा दाई, शंकर-पार्वती, सुआ की झांकी दर्शनीय रही। कुछ टीमों ने स्वयं गीत गाकर नृत्य प्रस्तुत किया। जिसे काफी पसंद किया गया।

**ये रहे अतिथि :** सुआ नाच महोत्सव में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, नगर विधायक अमर अग्रवाल, विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला, दिलीप लहरिया मस्तूरी, अटल श्रीवास्तव कोटा, महापौर पूजा विधानी, पूर्व महापौर रामशरण यादव अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सभी ने की सराहना की एवं बधाई दी।






डीपीएस में सह पाठ्येतर गतिविधियों के तहत आयोजन

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में चले तर्क के बाण








हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की जानी मानी संस्था दिल्ली पब्लिक स्कूल में सह पाठ्येतर गतिविधियों के अंतर्गत अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता समूह ई एवं समूह एफ़ के मध्य आयोजित हुई । जिसमें आज की ज्वलंत समस्या "तकनीकी योग्यता ने लोगों को अकर्मण्य बना दिया है" एवं "सोशल मीडिया का मानसिक स्वास्थ्य पर असर" विषयों पर वाद विवाद किया गया ।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बड़ी ही गंभीरता एवं गहनशीलता के साथ अपने तर्क प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए तर्क उनकी मानसिक परिपक्वता को दर्शाया। सोशल मीडिया आज हमारे बीच वरदान एवं अभिशाप दोनों रूप में उपस्थित है। विद्यार्थियों ने अपने तर्कों से यह साबित कर दिया कि अपने अमूल्य जीवन में सोशल मीडिया को कभी अभिशाप नहीं बनने देंगे । ग्रुप एफ़ से नर्मदा सदन की प्रज्ञा शर्मा ने प्रथम स्थान एवं नर्मदा सदन से ही वान्या खन्ना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कावेरी सदन की श्रिया अग्रवाल एवं गंगा सदन के विवान मिश्रा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान अर्जित किया । ग्रुप ई से प्रथम स्थान पर ब्रह्मपुत्र सदन की अदिति राठौर रहीं। कावेरी सदन से सक्षम पाण्डेय ने द्वितीय एवं गंगा सदन से आदित्य जैन ने तृतीय स्थान अर्जित किया । इस प्रकार सभी विजेताओं ने अपनी तर्कशीलता और बुद्धिमता के परचम लहरा दिए । कार्यक्रम का धारा प्रवाह संचालन संगीता उपाध्याय के मार्गदर्शन में वीरिका विश्वकर्मा एवं सुपीक्षा यादव ने किया। निर्णायकों की डॉ सोनिया अब्राहम, लक्ष्मी पांडेय व डेनिस वेस्ले एवं समय नियंत्रक की भूमिका संतोष पाल एवं अनीता पाटिल ने निभाई । अंत में संस्था प्राचार्य जसपाल सिंह मथ ने सभी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया एवं उनके सफल प्रयासों के लिए बधाईयां दी । प्रतियोगिता में उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संयोजन सुरेखा तिवारी ने किया।

साईंस कॉलेज मैदान में चल रहा स्वदेशी मेला



# सेव वाटर, पर्यावरण पर प्रतिभागियों ने उकेरे चित्र

**बिलासपुर।** साईंस कॉलेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेले में रविवार को चित्रकला व रंग भरो प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें सौ से अधिक बच्चों ने उत्साह से भाग लेकर पर्यावरण, सेव वाटर, पृथ्वी को प्रदूषण से बचाने को लेकर एक से बढ़ कर एक चित्र उकेरे। कई बच्चों ने अपने चित्र के माध्यम से पानी की बर्बादी व आने वाले समय में पानी की होने वाले संकट को लेकर चिंता जताई।

प्रतियोगिता के प्रभारियों ने बताया कि दोनों प्रतियोगिताओं के लिए डेढ़-डेढ़ घंटे का समय दिया गया पर अलग-अलग समय पर शुरू हुई। रंग भरो प्रतियोगिता वर्ग अ में कक्षा पहली व वर्ग ब में कक्षा 2री से चौथी तक के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रतियोगिता स्थल पर छपे हुए चित्र युक्त एक शीट दी गई थी। जिसमें प्रतिभागियों ने रंग भर कर जमा किया। चित्रकला प्रतियोगिता में वर्ग अ में कक्षा 5वीं से 8वीं तक तथा वर्ग ब में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चों की सहभागिता रही। चित्रकला प्रतियोगिता के दोनों वर्गों का विषय जल संरक्षण रहा। विकलांग बच्चों के लिए प्रवेश निःशुल्क रही। निर्णायक के रूप में अरूण गायकवाड़, शत्रुहन सिंह, घनश्याम यादव चित्रकला, गायत्री तिवारी, निधि पुरोहित रंग भरो प्रतियोगिता उपस्थित रहे।




**चित्रकला, रंग भरो प्रतियोगिता में सौ से अधिक बच्चों ने लिया हिस्सा**

### वाटर सेव पर रहा फोकस

चित्रकला स्पर्धा के सभी प्रतिभागियों के चित्र वाटर सेव पर आधारित रहा। मूक बधिर बालक अभिमन्यू नायक ने आने वाली पीढ़ी के लिए पानी बचा कर रखने, किंजल भारती ने भारत माता के साथ सेव वाटर, नीलिमा बुनकर ने पानी नहीं बचाने पर पृथ्वी के प्रदूषित होने, पूर्वजा जायसवाल ने फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं से फैल रहे प्रदूषण एवं तेजस्विनी ने सूखी पृथ्वी पर आकर्षक चित्र उकेरा। अन्य बच्चों के चित्र भी संदेशात्मक रहा।

### आज होगी व्यंजन प्रतियोगिता

17 नवंबर सोमवार को व्यंजन प्रतियोगिता रखी गई है। यह प्रतियोगिता 2 वर्गों में आयोजित होगी। प्रतियोगिता उड़द दाल पर आधारित व शाकाहारी होगी।

**इनका रहा सहयोग :** प्रतियोगिता को सफल बनाने में अरूणा दीक्षित, किरण मेहता, मीना गोस्वामी, रीटा भामरा, मीनाक्षी बोबर्डे, पूनम श्रीवास्तव, दीप्ति बाजपेयी, लता गुप्ता, पुष्पिका गोस्वामी, प्रीति पानसे, जया धर, अर्चना कर्डेकर, रागिनी जोशी, संगीता, प्रिया रेड्डी, निहारिका त्रिपाठी, गीता रजक, मनीषा मिश्रा, प्रभा बाजपेयी का सहयोग रहा।

आयोजन

## मंगला चौक में दुर्गा चालीसा पाठ कर की गई महाआरती



**बिलासपुर।** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तर की महाआरती सामुदायिक भवन मंगला चौक के पास की गई। आरंभ में मां गुरुवर के जयकारे लगाए गए। मंत्रोच्चार पश्चात गुरुवर चालीसा, दुर्गा चालीसा पाठ के बाद महाआरती की गई। संगठन के प्रदेश मीडिया प्रमुख कार्तिक साहू ने कहा कि बिलासपुर जिले की इस पावन धरती में ऋषिवर योगीराज श्री शक्तिपुत्र महाराज के चरण पड़े हैं।



यह वह धरती है जहां हुए शिविर में हजारों परिवार नशा मुक्ति का संकल्प लेकर आज सुखमय जीवन व्यतीत कर रहे है। संगठन का जनजागरण क्रम बराबर जिले में चल रहा है। जिसकी समीक्षा करते हुए नशा व मांसाहार मुक्त जिला बनाने के अभियान को डोर टू डोर चलाए जाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आग्रह करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रदेश को नशा मुक्त प्रदेश बनाना नितांत आवश्यक है। भाजपा सरकार से अपेक्षा है कि वे नशा मुक्त प्रदेश बनाने की राह में आगे बढ़ेगी। संगठन की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुधा देवांगन ने जीवन में गुरु के महत्व को बताते हुए कहा कि गुरु बिना हमारा आध्यात्मिक आत्मोत्थान कभी नहीं हो सकता है। इसके लिए सद्गुरु की हमेशा आवश्यकता होती है। कार्यक्रम समापन की घोषणा जिला अध्यक्ष मणिशंकर ने की। कार्यक्रम में जिले भर से संगठन के कार्यकर्ता व भक्तगण उपस्थित रहे।

# धन्यवादी पर्व के साथ क्रिसमस का आगाज



चर्च ऑफ़ ख्राइस्ट में की गई प्रभु की आराधना



### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में सरिता पाल, एंजेलिना पॉल, रीना दास, सुलक्षणा बहादुर, ज्योति, प्रीति वालेश, सरिता विलियम, सुनीता डेनियल, मंजू निशा, शीबा लुईस, तृप्ति बाघ, अरुणा कुमार, मंजूला जोहास, मीनू सिंह, एंजलिना लवंग, प्रवीण जैसल, अरविंद कुमार, राहुल जॉन, शशांक दास, रक्षित रूपम बारा, विनय जोहास, अमित सिंह, अनूप लवंग, नीतेश बाघ का योगदान रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आराधना चर्च ऑफ़ ख्राइस्ट सीएमडी चौक निर्वाचित प्राचीन पक्ष में सीनियर पास्टर सुदेश पॉल की अध्यक्षता में रविवार को धन्यवादी पर्व के रूप में मनाया गया।

पादरी सुदेश पॉल ने बताया कि क्रिसमस के पावन पर्व की खुशी का आगाज धन्यवादी पर्व के साथ होता है। इस दिन मसीही लोग साफ दिल से अच्छे से अच्छा भेंट ईश्वर को देते हैं ताकि उत्तम और सर्वोत्तम आशीषों को पा सके। सुबह आराधना की शुरुआत प्रारंभिक प्रार्थना से राकेश पॉल द्वारा की गई। सुंदर सुमधुर गीतों की प्रस्तुति यूथ के जवानों ने दी। मार्ग्रेट पॉल ने प्रवचन प्रचारित किया। प्रभु भोज वितरण मनीष दास, रवि हजारिया, संजय बाघ ने किया। गीत-होगी आशीषो की बारिश, प्रेम की प्रतिज्ञा को मान...के बीच सभी ने अपने अपने भेंट को ईश्वर की बेदी पर समर्पित किया और ईश्वर का धन्यवाद क्रिया। बाईबिल का पठन बोर्डी कुमार ने किया। वाद्य यंत्रों पर संगति शशांक दास, आयुष बाग, स्वप्निल दास, आकर्षण सिंह, विवेक पॉल, अमन तॉती ने दी। आराधना पश्चात प्रेमभोज का आयोजन किया गया।

स्पोटर्स न्यूज

# जेबीसी सुपर कबड्डी लीग में झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रो कबड्डी लीग की तर्ज पर बिहार में होने जा रही है जेबीसी सुपर कबड्डी लीग। यह टूर्नामेंट न सिर्फ खिलाड़ियों के लिए एक मंच है, बल्कि कबड्डी प्रेमियों के लिए भी एक त्योहार साबित होने जा रहा है। रविवार को इस लीग के निदेशक रणविजय सिंह, बिहार राज्य कबड्डी संघ के चेयरमैन कुमार विजय सिंह, कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के चेयरमैन विपिन कुमार सिंह और छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के सचिव प्रदीप कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में दी।

लीग के डायरेक्टर रणविजय सिंह ने कहा कि लीग में झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। ये खिलाड़ी छोटे शहरों और



गांवों से आए हैं, जिन्होंने लंबे समय तक मेहनत और समर्पण के साथ अपनी खेल तकनीक और ताकत को निखारा है। जेबीसी सुपर कबड्डी लीग उनके लिए सिर्फ जीत-हार का खेल नहीं, बल्कि अपनी पहचान बनाने और सपनों को सच करने का अवसर है। उन्होंने बताया कि यह पूरी तरह प्रो कबड्डी लीग का दूसरा रूप होगा। पुरुष वर्ग की छह टीमें खेलेंगी। टीम का गठन ऑक्शन के द्वारा होगा और हम टीम में तीनों राज्यों के प्लेयर मिश्रित होंगे। टीम के गठन के बाद उसका कैंप लगेगा। उन्होंने कहा कि फ्रेंचाइजी को सारी सुविधाएं दी जाएगी। आखिरी दौर में चार महिला टीमों का मुकाबला होगा जो इन्हीं तीन राज्यों के खिलाड़ियों से बनेगी।

### इन्हें सौंपी गई जिम्मेवारी

इस लीग के चेयरमैन बिहार राज्य कबड्डी संघ के चेयरमैन कुमार विजय सिंह होंगे। सीईओ कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के चेयरमैन विपिन कुमार सिंह जबकि सलाहकार छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के सचिव प्रदीप कुमार होंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही हमलोग आयोजन स्थल और तिथि की घोषणा करेंगे। एक एमओयू पर भी हस्तारक्षर किए गए।

श्री सिंह ने कहा कि मैदान की मिट्टी, खिलाड़ियों की ऊर्जा और दर्शकों का उत्साह तीनों मिलकर इस लीग को सिर्फ खेल नहीं, बल्कि एक उत्सव बना देगा। हर रेड और हर टैकल की अपनी कहानी होगी। खिलाड़ी जब अपने जज्बे और रणनीति के साथ मैदान में उतरेंगे, तो दर्शक हर पल रोमांच का अनुभव करेंगे। खेल के साथ ही खिलाड़ियों की मेहनत और उनकी निजी कहानी भी इस लीग की असली खासियत बनेगी। उन्होंने कहा कि इस लीग के सफल आयोजन से न केवल स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय पहचान मिलेगी, बल्कि यह कबड्डी को बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ में और लोकप्रिय बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगी। जेबीसी सुपर कबड्डी लीग बिहार की मिट्टी में न केवल खेल की ऊर्जा भरने वाली है बल्कि यह खेल की कहानियों को भी जीवंत कर देगी।

कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के चेयरमैन विपिन कुमार सिंह ने कहा कि इस टूर्नामेंट में प्रो कबड्डी लीग जैसी चकाचौंध देखने को मिलेगी। लाइव कवरेज, उत्साही दर्शक, रंगीन उद्घाटन समारोह और शानदार ट्रॉफियांयह सब इस लीग को एक उच्च स्तर का खेल उत्सव बनाएगा। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के सचिव प्रदीप यादव ने कहा कि लीग की तैयारियों में खिलाड़ियों की फिटनेस, तकनीकी तैयारी और रणनीति पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रशिक्षक और कोच छोटे-छोटे विवरणों पर काम करेंगे।

बिहार ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि कबड्डी के विकास में यह लीग अहम कड़ी साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस लीग से प्रतिभाएं निखर ऊपर आयेंगी और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहारयेगी। ये खिलाड़ी तीनों राज्यों के ब्रांड एम्बेसेडर साबित होंगे।

नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप

## अमित ने 5 किमी रेस वॉक में जीता गोल्ड

अक्टूबर में आयोजित 40 वें जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अमित कुमार ने 5 किमी रेस वॉक में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के संयुक्त सचिव हेमंत सिंह परिहार ने बताया कि वर्ष 2026 में वर्ल्ड चैंपियनशिप जूनियर एथलेटिक्स का आयोजन अमेरिका में हो रहा है। जिसके लिए अमित कुमार तैयार है। उनके कोच जसविंदर सिंह भाटिया के अधीन अमित कुमार निरंतर अभ्यास बिलासपुर एकेडमी एथलेटिक स्टेडियम बहतराई में कर रहे हैं। वे मनोज कुमार और विमला के पुत्र हैं। इसके पहले नेशनल प्रतियोगिता में कई पदक इन्होंने जीता है। अपने परफॉर्मेंस में सुधार करते जा रहे हैं जिसका परिणाम है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ और देश का नाम रोशन करेंगे।



## खबर संक्षेप

### गनियारी में युवक की लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, शनिवार की सुबह गनियारी के लोगों ने सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ देखा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। दस्तावेजों के आधार पर मृतक की पहचान तेंदुआ निवासी भूनेश्वर मरावी 19 साल के रूप में की गई है। मृतक बिलासपुर आया था। उसके बाद बाइक से घर लौट रहा था। टीआई श्री नवरंग ने सड़क हादसे में युवक के मौत की आशंका जताई है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### नेशनल लोक अदालत दिसंबर में

**बिलासपुर।** हाई कोर्ट विधिक सेवा समिति ने आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए प्री-सिटिंग बुलाई हैं। ये बैठकें मुख्य रूप से बीमा कंपनी और सेवा से संबंधित मामलों के लिए होंगी। बैठकों का उद्देश्य बीमा कंपनियों/विभागीय प्राधिकारियों, संबंधित पक्षकारों के अधिवक्ताओं और पक्षकारों के बीच पूर्व परिचर्चा करना है। बैठक में विभिन्न बीमा कंपनियों के अधिकारी शामिल होंगे। बैठक 11 से 22 नवंबर तक हाई कोर्ट के लीगल एड एंड एडीआर भवन में होगी। अधिक जानकारी हाई कोर्ट के वेबसाइट से ली जा सकती है।

### 4 जिलों में 526 पुलिस पदों पर होगी सीधी भर्ती

**बिलासपुर।** बिलासपुर, कोरबा, मुंगेली और जीपीएम जिलों के पुलिस बल में 526 विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती की जा रही है। आरक्षक चालक और आरक्षक ट्रेडमैन के रिक्त पदों के लिए 17 से 19 नवंबर तक ट्रेड टेस्ट आयोजित किया जाएगा। एसएसपी रजनेश सिंह ने भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता का दावा किया है, साथ ही अभ्यर्थियों को किसी भी झांसे में न आने की चेतावनी दी है। यह टेस्ट संभागीय मुख्यालय बिलासपुर के पुलिस परेड मैदान में 17 नवंबर से शुरू होगा। इसमें पूर्व में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण और लिखित परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। यह सीधी भर्ती वर्ष 2023-24 के लिए आयोजित की जा रही है। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि भर्ती की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार के झांसे, धोखाधड़ी या जालसाजी से बचने का आग्रह किया। बिलासपुर जिला पुलिस बल में कुल 140 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। टेस्ट के पहले दिन, 17 नवंबर को बिलासपुर जिले में आरक्षक चालक के लिए 100, आरक्षक कुक ट्रेड के लिए 5, आरक्षक नाई ट्रेड के लिए 11 और आरक्षक टेलर ट्रेड के लिए 4 अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। दूसरे दिन, 18 नवंबर को बिलासपुर जिले में आरक्षक चालक के लिए 65, कोरबा जिले के आरक्षक चालक के लिए 4, जीपीएम जिले में आरक्षक चालक के लिए 6 और कोरबा जिले में आरक्षक डीआर के लिए 15 अभ्यर्थियों को शामिल होने के लिए कहा गया है।

### सहायिका भर्ती प्रक्रिया दावा आपत्ति 20 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 93 इमलीभांठा सरकंडा एवं केंद्र क्रमांक 124 लोधीपारा सरकंडा में सहायिका के रिक्त पदों पर प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत दावा आपत्ति 20 नवम्बर तक जमा कर सकते हैं। इच्छुक आवेदिका कार्यालयीन समय में 20 नवम्बर तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकती हैं।

**जल्द आएगी नई क्रांति** पाराघाट व्यपवर्तन, खारंग-अहिरन लिंक परियोजना एवं छपराटोला फीडर जलाशय योजना से लिखा जाएगा सिंचाई सुविधाओं का आयाम

# 1433 करोड़ की तीन परियोजनाओं से 'जल सुराज' लाने की तैयारी

**बिलासपुर।** सिंचाई सुविधाओं के मामले में बिलासपुर जिले में जल्द ही एक नई क्रांति आने वाली है। छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मंडल की कार्यकारिणी समिति द्वारा जिले के लिए तीन नई बड़ी परियोजनाओं की अनुशंसा की गई है। इसके अंतर्गत लीलागर नदी पर 379 करोड़ की पाराघाट व्यपवर्तन परियोजना, 930 करोड़ की अहिरन-खारंग लिंक परियोजना एवं 124 करोड़ की छपराटोला फीडर जलाशय योजना के माध्यम से खेतों, शहर एवं गांवों में भी निस्तारी के लिए पानी देने की तैयारी है। चाहे खेतों में रबी व खरीफ

■ खेतों के अलावा गांव व शहरों को भी मिलेगा निस्तारी का पानी



फसलों की सिंचाई के लिए पानी देने की बात हो, या गर्मी में गांव के निस्तारी तालाबों को भरने की। चाहे अमृत मिशन के तहत बिलासपुर शहर को पानी देने की बात हो, या फिर रतनपुर शहर की निस्तारी का मामला। सबकी निगाहें अपनी जरूरतों को पूरा करने खारंग जलाशय की ओर ही टकटकी लगाए देखती हैं। दिक्कत यह है कि खारंग जलाशय की भी अपनी सीमाएं हैं। क्षमता है, जिसका जरूरत से ज्यादा दोहन किया जा रहा है। 24 हजार हेक्टेयर सिंचाई क्षमता होने के बाद भी खरीफ व रबी फसलों को मिलकार 208 गांवों की 56 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचित करने वाले खारंग जलाशय का लोड अब कम करने की दिशा में काम किया जा रहा है। सिंचाई विभाग तीन नई परियोजनाओं के माध्यम से जिले में जलसुराज लाने की तैयारी में है।

### मस्तूरी क्षेत्र के 93 गांवों की बुझेगी प्यास

खारंग जलाशय की बायीं तट नहर के आवर्धन हेतु 379 64 करोड़ की लागत से पाराघाट व्यपवर्तन योजना से उद्वहन फीडर सिंचाई का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत लीलागर नदी पर बने पाराघाट व्यपवर्तन के अपस्ट्रीम में पंप हाऊस बनाकर ढाई मीटर व्यास वाली डबल पाईप लाईन बिछाकर पाराघाट शाखा नहर तक पानी लाने की योजना है। वर्तमान में 208 गांवों में दोनों फसलों के लिए खेतों की सिंचाई हेतु पानी देने, निस्तारी तालाबों को भरने के अलावा बिलासपुर शहर व रतनपुर शहर को पारी देने के कारण खारंग की नहरों के टेल एरिया में बसे गांवों तक पानी पहुंच ही नहीं पाता।

### अहिरन से खारंग को पानी देने की तैयारी

खारंग-अहिरन लिंक परियोजना के अंतर्गत अहिरन नदी से खारंग जलाशय को पानी देने की तैयारी की जा रही है। 930 करोड़ की लागत से तैयार होने वाली इस परियोजना के अंतर्गत कटघोरा ब्लॉक के पोंड़ी-गोसाई गांव में बांध बनाया जाना प्रस्तावित है। बांध में एकत्रित जल को 47 किलोमीटर पाईप केनाल के द्वारा एवं 25 किलोमीटर गाजरीनाला में होते हुए ई-फ्लो द्वारा खारंग जलाशय में भरा जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में अमृत मिशन के अंतर्गत बिलासपुर शहर को एवं रतनपुर शहर को भी पानी पूर्ति की सुविधा अहिरन-खारंग लिंक परियोजना के बगैर लंबी अवधि तक सुचारू रख पाना संभव नहीं है।

### छपराटोला फीडर जलाशय योजना

कोटा ब्लॉक में अरपा नदी पर छपरापारा में 124 करोड़ की लागत से छपराटोला फीडर जलाशय योजना प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत छपरापारा गांव में 56 मीटर ऊंचाई वाला बांध तैयार किया जाएगा। बांध तैयार होने के फलस्वरूप अरपा नदी में न केवल बाहरों महीने पानी की उपलब्धता रहेगी, बल्कि क्षेत्र के 22 गांवों के जलस्तर में बढ़ोतरी भी हो जाएगी। इस परियोजना से चार गांवों के 80 परिवार डुबान से प्रभावित होंगे, जिसमें 332 लोगों को विस्थापित करने की आवश्यकता पड़ेगी। 60 कच्चे एवं 20 पक्के मकान मालिकों को 4 करोड़ का मुआवजा भुगतान भी किया जाएगा। परियोजना में 448 हेक्टेयर वनभूमि भी प्रभावित हो रही है। विभाग द्वारा इस परियोजना से किसी भी उद्योग को पानी नहीं दिया जाना प्रस्तावित किया गया है।

### 18 परियोजनाओं पर किया जा रहा कार्य

छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मंडल द्वारा प्रदेश स्तर पर 18 नई परियोजनाओं को मूर्त रूप देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसमें करीब 1433 करोड़ रूपए अनुमानित लागत वाली बिलासपुर जिले की तीन परियोजनाएं भी शामिल की गई हैं। इन परियोजनाओं के मूर्त रूप लेने के बाद खेतों की सिंचाई के अलावा गांवों व शहरों में निस्तारी हेतु पानी मिलने के साथ ही भू-जल स्तर में भी व्यापक बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

-**आलोक अग्रवाल**, अधीक्षण अभियंता सिंचाई विभाग

**सिम्स का मामला:** ड्यूटी के दौरान एप्रोन, बैच कार्ड लगाने के दिए गए निर्देश

# अधीक्षक का आदेश बेअसर, मनमाने तरीके से नर्सिंग व क्लीनिकल स्टाफ कर रहा है ड्यूटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में कार्यरत क्लीनिकल व नर्सिंग स्टाफ को ड्यूटी के दौरान एप्रोन, बैच कार्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन ज्यादातर कर्मचारियों के द्वारा मनमाने तरीके से काम किया जा रहा है। प्रबंधन के आंखों में धूल झोंकते हुए कर्मचारी काम कर रहे हैं, जिसे लेकर प्रबंधन अब सख्ती से बरतने की बात कह रहा है।

संभाग का सबसे बड़ा अस्पताल लोगों के इलाज के लिए विश्वसीय होता जा रहा है,जहां रोजाना 2 हजार से अधिक लोग ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचते हैं। पिछले एक साल से सिम्स में व्यवस्थाओं में सुधार होता दिख रहा है, लेकिन स्टाफ के द्वारा मनमाने तरीके से काम करने का रवैया जस का तस बना हुआ है। दरअसल अधीक्षक डॉ लखन सिंह ने कुछ माह पहले क्लीनिकल व नर्सिंग स्टाफ को एप्रोन और बैच कार्ड के साथ ही ड्यूटी देने की हिदायत दी है, इससे कुछ दिनों तक व्यवस्था चाक चौबंद रही, लेकिन समय के साथ ही कर्मचारी मनमानी में उतर आए हैं।

सैंपल कलेक्शन सेंटर, वार्ड, ओपीडी, इमरजेंसी जैसी जगहों पर कार्यरत कर्मचारी बिना एप्रोन के दिखाई देते हैं। जिससे कर्मचारियों की पहचान करना मुश्किल होता है। इसी का फायदा उठाकर सिम्स परिसर में निजी अस्पतालों के दलाल घूमते हैं और मरीजों को बरगलाते हैं।

इन घटनाओं को कई बार कैमरे में कैद किया गया है, लेकिन हालत नहीं सुधर रहे हैं।

### बाहरी व्यक्तियों की पहचान मुश्किल

गार्ड और स्टाफ को चकमा देकर सिम्स में बाहरी व्यक्तियों का घूमना आम है। इस दौरान निजी अस्पतालों के दलाल भी वार्ड तक पहुंचते हैं और मरीज व परिजनों को गुमराह कर अपने साथ ले जाते हैं। गार्ड उन्हें सिम्स का स्टाफ समझता रहता है। खास बात यह है कि सिम्स प्रबंधन ने कुछ माह पहले ही सभी स्टाफ को आईडी कार्ड मुहय्या कराया है, स्टाफ के पास अनिवार्य तौर पर आईडी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### की जाएगी कार्रवाई

इस बारे में जल्द ही निरीक्षण किया जाएग और स्टाफ को नोटिस दिया जाएगा। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों का वेतन काटने और निलबिंत करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

-**डॉ लखन सिंह**, अधीक्षक, सिम्स

### जिला अस्पताल में नशेड़ियों का अड्डा





जिला अस्पताल में नशेड़ियों का अड्डा बना हुआ है। ओएसटी सेंटर होने के कारण यहां रोजाना सैकड़ों नशेड़ी पहुंचते हैं। ये इलाज के पहले और बाद में परिसर में बाहर ही नशे का इंजेक्शन लगाते दिख जाते हैं। खास बात यह है कि इसी परिसर में मातृ एवं शिशु अस्पताल, बच्चे के पुनर्वास केन्द्र भी है, लेकिन इसके बावजूद परिसर में इनके कृत्य रोकने वाला कोई नहीं है। बताया जा रहा है कि गार्ड भी विवाद होने के कारण इन्हें रोकने-टोकने से बचते हैं।

जिला अस्पताल में 3 हजार रजिस्टर्ड नेशड़ियों का इलाज किया जाता है, इलाज के बाद नशेड़ियों को नसे की लत छोड़ देनी चाहिए, लेकिन यहां आने वाले नशेड़ी परिसर में ही बैठ नशे का इंजेक्शन लगाते नजर आते हैं। इनके उपयोग के इंजेक्शन, सिरिंज, नारपिन की कांच की डिब्बियां परिसर में ही नजर आती हैं। यह सब बेरोकटोक जारी है, जिस पर जिला अस्पताल प्रबंधन का ध्यान नहीं है। बड़ी बात यह है कि इस परिसर से लगा हुआ मातृ एवं शिशु अस्पताल है। जहां रोजाना हजारों महिलाएं व परिजन इलाज के लिए पहुंचते हैं। साथ ही बच्चों के पुर्नवास केन्द्र है, जहां रोजाना 25 बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है। नशे की गिरफ्त में आ चुके नशेड़ियों को किसी की परवाह नहीं होती है और वे रोजाना तमाशा करते, एक दूसरे से झगड़ते यहां माहौल खराब करते हैं। कई बार उनकी करतूतों को देख महिलाएं और बच्चे दहशत में आ जाते हैं। परिसर में गार्ड को रखा गया है, लेकिन गार्ड के सामने ही नशेड़ी हुज्जतबाजी करते हैं, लेकिन गार्ड मूक दर्शक बने रहते हैं।

**चाकूबाजी की घटना से मचा हड़कंप**

# रावत नाच देखने गए युवक से मारपीट कर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शनिचारी बाजार रावत नाच महोत्सव देखने आए एक युवक के साथ मारपीट करते हुए सीने पर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया गया है। चाकूबाजी की वारदात से मैदान में हड़कंप गया। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

■ घायल युवक सिम्स में भर्ती

कोतवाली पुलिस के अनुसार, आरपीएफ कालोनी निवासी आदर्श राव पिता विजेन्द्र राव 15 नवंबर की रात अपने दोस्त अंकुश यादव के साथ रावत नाच देखने शनिचरी बाजार लाल बहादूर शास्त्री स्कूल मैदान आए थे। रात 10.30 बजे टिकरापारा रावत नाच पार्टी वाले मैदान में नाचने के लिए घुस रहे थे। इसी दौरान अंकुश यादव के पिता को पिन्टू यादव मारने के लिए लाठी उठाया तो अंकुश ने लड़ाई झगड़ा करने से मना किया। पिन्टू यादव, मनीष यादव, गौरव यादव, मोहित यादव सभी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। इसी दौरान पिन्टू यादव ने चाकू से अंकुश यादव के सीने पर जान लेवा हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से मैदान में हड़कंप मच गया। आनन फानन में घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने आदर्श राव की रिपोर्ट पर हमलावर पिन्टू यादव, मनीष यादव, गौरव यादव, मोहित यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कोनी में भी युवक पर चाकू से हमला

कोनी पुलिस के अनुसार, ग्राम सेंदरी निवासी राहुल भारत पिता स्व. लक्ष्मी प्रसाद भारत 15 नवंबर की रात 10 बजे काम से वापस घर जा रहे थे। सेंदरी दुर्गा चौक के पास मोहल्ले के अतुल कुमार केंवट उनके चचेरे भाई नितेश माली को पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर रहा था। वह बीच बचाव करने गए तो अतुल केंवट ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके दाहिने हाथ में चोट आई है।

# कोर्ट परिसर में उपद्रव मचाने वालों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोर्ट परिसर में उपद्रव मचाने वाले दर्जन भर से अधिक उपद्रवी लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

■ दर्जनभर से अधिक पर जुर्म दर्ज, एक आरोपी गिरफ्तार

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, शनिवार को तखतपुर पुलिस के द्वारा कथा वाचक आशुतोष चैनत्य महाराज को जिला न्यायालय में पेश किया गया था। कोर्ट से पुलिस कथा वाचक को बाहर निकले तो परिसर में एक समाज के लोगों के द्वारा जमकर उपद्रव मचाते हुए पुलिसकर्मियों के साथ झूमाझटकी की गई थी। पुलिस तखतपुर थाने के आरक्षक दिनेश पटेल की रिपोर्ट पर संजीत वर्मन, विनोद बंजारा, गौरव उर्फ लघु, राजा मनहर, आशीष टण्डन, अनय टण्डन, वियन कौशल, योगेश मनहर, सतीश डहरिया, अमृत डहरिया, ज्ञानेन्द्र कोसले एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 221, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी अनय टण्डन को गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं कोट परिसर में ड्यूटी में तैनात सिविल लाइन थाना के एएसआई मस्तराम कश्यप के साथ हुज्जतबाजी करने पर राजीव शर्मा एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 191, 2, 221, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# ट्रैक्टर व ट्रक की टक्कर से पांच घायल: जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रैक्टर चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से प्रोफेसर की कार को टक्कर मार दी, जिससे प्रोफेसर की गर्दन, कमर में चोट आई है, वहीं कार क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं ट्रक की टक्कर से कार सवार चार लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने चालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, जगदंबा कालोनी फ्लेट नम्बर बी 104 ड्रीप इंपिरिया निवासी भुवना वेंकट रमन पति वेंकट रमन सेंट्रल यूनिर्वसिटी में प्रोफेसर हैं। 13 नवंबर को सुबह 10.15 बजे कार क्रमांक सीजी 07 एएक्स, 2422 से सेंट्रल यूनिर्वसिटी जा रही थी। महामाया चौक पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 22 एच, 5606 के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में श्रीमती रमन की गर्दन व कमर में चोट आई है और कार के पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। पुलिस ने श्रीमती रमन की रिपोर्ट पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। दूसरी घटना में सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कबीरधाम तोरला नवापारा निवासी हेमंत कुमार चंद्राकर 15 नवंबर को अपनी वेगनआर क्रमांक सीजी 10 एजे, 1664 में अपने दोस्त अयोध्या चंद्राकर, हरेन्द्र चंद्राकर, धन्नू साहू के साथ कार बनवाने के लिए सिरगिट्टी मारूती सुजूकी शोरूम आए थे। गाड़ी बनवाने के बाद चारों कार से सरकण्डा जाने के लिए निकले। रात 11.30 बजे राजीव गांधी चौक के पास सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 10 एआर, 0807 के चालक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में चारों को चोट आई है और गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने हेमंत कुमार चंद्राकर की रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रेत से भरे हाइवा से कुचलकर एक्टिवा सवार युवक की मौत


बेलगाम रेत से भरे हाइवा की चपेट में आने से एक्टिवा सवार युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने हाइवा जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।



मृतक।

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया कि रविवार की शाम 7 बजे पावर हाउस निवासी राधे सिदार पिता स्व. मानस सिदार 45 साल घर से एक्टिवा में सवार जा रहे थे। मेन रोड में आने पर मस्तूरी की ओर से रेत लेकर आ रहे हाइवा क्रमांक सीजी 10 डीपी, 9348 के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए एक्टिवा को टक्कर मार दी। जिससे वे एक्टिवा सहित गिर गए। उनके पैर हाइवा का चक्का चल जाने से कुचल गए। सूचना मिलते ही पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंची और तत्काल एम्बुलेंस से घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स भेजा गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। इधर पुलिस ने हाइवा जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

### शिवनाथ नदी में कूदकर युवक ने दी जान



**बिलासपुर।** शिवनाथ नदी में छलांग लगाकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, शनिवार की दोपहर 1.30 बजे जोंधरा शिवनाथ नदी में एक युवक ने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली है। बैग की तलाशी लेने पर उसमें दो मोबाइल मिले। उसके अधर पर मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश मऊ जिले के कोपागंज भत्तामानपुर निवासी अभिषेक राय के रूप में हुई है। मृतक रायपुर के हास्पिटल में मैकेनिकल इंजीनियर था। उसके शर्ट की जेब में रायपुर से लवन तक की बस की टिकिट मिली है।

# केंदा शराब भट्टी का विरोध, करेंगे चक्काजाम

**बिलासपुर।** जिले के कोटा विकास खंड के गांव केंदा में शासकीय मदिरा दुकान खोला जा रहा है। जिसके विरोध में महिलाओं के साथ पूर्व जनपद अध्यक्ष संदीप शुक्ला पहुंच कर दुकान खोलने का पुरजोर विरोध किया। उन्होंने कल चक्काजाम करने की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों को शराब दुकान खुलने की भनक कुछ दिन पहले ही लग गई थी जिसके विरोध में महिलाओं ने जनपद सदस्य जमुना बाई के साथ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। उसके बावजूद भी आनन फानन में शराब दुकान खोला जा रहा है जिससे महिलाओं में काफ़ी नाराजगी दिखी। ग्रामीणों ने छग सरकार के खिलाफ



नारेबाजी करते हुए शराब दुकान नहीं खोलने का विरोध किया। जिस पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच कर ऐसा नहीं करने की समझाइश दी।

पूर्व जनपद अध्यक्ष श्री शुक्ला ने कहा की सरकार एक तरफ स्कूल बंद कर रही। दूसरी तरफ दारू दुकान खोल रही है जो सर्वथा अनुचित है। केंदा की जनपद सदस्य जमुना टेकाम ने कहा कि जिस जगह पर दारू भट्टी खोला जा रहा है वो मानिकपुर, चुरेली, कारी माटी, बाहरीझिरिया जाने का मुख्य मार्ग है। इस रास्ते से स्कूल जाने वाले बच्चे और महिलाओं को असुरक्षा होगी। कांग्रेस कार्यकर्ता ईश्वर तंवर ने कहा की केंदा में शराब दुकान खोलने की कोई आवश्यकता नहीं है। शराब दुकान खुलने से बच्चों पर इसका बुरा असर पड़ेगा । उपस्थित महिलाओं ने कहा की केंदा में शराब दुकान बंद कराने के लिए वो हर तरह से तैयार है। पुलिस और प्रशासन से डर कर घर में बैठने वाली नहीं। पूर्व जनपद अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने कहा की सरकार अगर महिलाओं के आपत्ति के बाद भी शराब दुकान खोलेगी तो कल केंदा में चक्का जाम किया जाएगा। जिसकी पूरी जवाबदारी शासन की होगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

